www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

**मौसम**
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 101.755g
चांदी 110,000kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

2 अमेरिका की दबंग कूटनीति का दौर, भारत समेत पूरी दुनिया की इस पर है नजर

चलती कार में बना लेते थे नकली नोट 04

वर्ष :09 | अंक :03 | मुंबई ,मंगलवार , 24 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

### झारखंड के जमशेदपुर में हथियार बरामद, व्यक्ति गिरफ्तार

जमशेदपुर के कदमा इलाके में सोमवार को हथियार बरामद किए जाने के बाद इस सिलसिले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। खुफिया सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडे ने संदिग्ध को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) (नगर) कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)(मुख्यालय-2) मनोज कुमार ठाकुर और कदमा थाने के अधिकारियों सहित टीम ने छापेमारी कर हरिकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने दो देशी पिस्तौल, विभिन्न कैलिबर के चार कारतूस और दो खाली मैगजीन बरामद की। एसपी शिवाशीष ने बताया कि हथियार खाली पड़े मकान के शौचालय में छिपाए गए थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पटेल लोगों को डराने और पैसे ऐंठने के लिए आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल करना चाहता था।

### हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव रिजल्ट

## गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में आप जीती; बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत

**उपचुनाव रिजल्ट**

चार राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की और उनकी पार्टी ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से नीलांबुर सीट छीन ली।

एजेंसी

नयी दिल्ली। चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आप के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की उट ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। लुधियाना में संजीव अरोड़ा जीत के करीब, बोले- केजरीवाल को श्रेयपंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर आप कैंडिडेट संजीव अरोड़ा 13 राउंड की वोटिंग तक 10 हजार वोटों से आगे हैं।



### केजरीवाल बोले- मैं राज्यसभा नहीं जा रहा



लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

**केरल से यूडीएफ प्रत्याशी की जीत**

यूडीएफ उम्मीदवार, कांग्रेस के आर्यदान शौकत ने नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल की है. कांग्रेस विधायक चांडी ओमन ने कहा कि पूरी पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर इस जीत के लिए लड़ाई लड़ी और हमें 9 साल बाद यह जीत मिली है. यह आर्यदान मुहम्मद की सीट थी. अब, उनके बेटे ने 9 साल बाद सीपीआई (एम) से सीट वापस ले ली है. यह केरल में लोगों की भावनाओं को दर्शाती है जहां अगले साल चुनाव होने वाले हैं. हमें यकीन है कि यूडीएफ अगले साल सत्ता में आ रही है. कांग्रेस पार्टी सत्ता में आ रही है और अगले साल इस समय तक हमारे पास कांग्रेस का सीएम होगा.

# मोदी जी विश्वगुरु हों, या घर के गुरु इजराइल-ईरान जंग रोकने का प्रयास करना चाहिए :खड़गे

**ईरान हमारा पुराना दोस्त**

खड़गे बोले- मोदी सेना में होते तो तारीफ करते खड़गे ने आगे कहा कि वे (मोदी) अगर सेना में कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में काम करते, तो हम उनके बेहतरीन काम और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना करते, लेकिन ऐसा नहीं है। इसके बजाय, वह बिहार चुनाव के लिए प्रचार में व्यस्त थे।

एजेंसी

बेंगलुरु , कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं। जबकि दूसरी तरफ ईरान और इजराइल के बीच जंग हो रही है। हमें इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था। खड़गे ने कहा, चाहे आप (मोदी जी) विश्व गुरु हों या घर के गुरु। लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाना, कपड़े और सिर पर छत चाहिए। हम चाहते थे कि वे इन चीजों के लिए प्रयास करें। खड़गे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया है क्योंकि देश अपनी ईंधन की जरूरत का 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है। जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमले किए और आतंकवादियों को खत्म कर दिया। उस वक्त पूरा देश सेना के साथ खड़ा था, लेकिन ऐसे समय में भी कुछ लोग व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। खड़गे बोले- मोदी सेना में होते तो तारीफ करते खड़गे ने आगे कहा कि वे (मोदी) अगर सेना में कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में काम करते, तो हम उनके बेहतरीन काम और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना करते, लेकिन ऐसा नहीं है।



### खड़गे बोले- मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं

कर्नाटक के रायचूर में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा- पीएम मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में पीएम गायब रहे। इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए उनके मन में बिल्कुल भी सम्मान नहीं है। खड़गे ने कहा, आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी।

# स्कूल जाना चाहती हूं, आप मेरा एडमिशन करा दीजिए ....

## जनता दर्शन में नन्ही बच्ची के अंदाज को देख मुस्कुरा उठे सीएम योगी

तीन महीने की समस्या, सीएम योगी ने तीन घंटे के अंदर सुलझाई .सोमवार को जनता दर्शन में एडमिशन के लिए मुख्यमंत्री से मिली थी नन्ही बच्ची .पिता रैपिडो चलाकर करते हैं घर का भरण-पोषण .लखनऊ स्टेशन पर ही थे माता-पिता, तभी मिली खुशखबरी .माता-पिता ने सीएम योगी के प्रति जताया आभार, बोले- शब्द भी कम पड़ गए .

एजेंसी

लखनऊ : गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में संत की भूमिका, मुख्यमंत्री के रूप में सख्त प्रशासक का दायित्व, लेकिन इन सबसे इतर प्रकृति से लगाव और बच्चों से घुलने-मिलने की प्रवृत्ति के कारण योगी आदित्यनाथ की छवि हर दिल में बसी है। यूं तो हर दौरे, निरीक्षण, कार्यक्रम में बच्चों को देख योगी आदित्यनाथ उनसे मिलते, हालचाल जानते, पढ़ाई के बारे में पूछते, फिर चॉकलेट देते, लेकिन सोमवार को एक अलग ही वाकया हुआ। बच्ची से मुख्यमंत्री के संवाद को देख सभी ने योगी के बालमन की तारीफ की तो बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया।



- मुरादाबाद से आई वाची मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं
- बच्ची से मुख्यमंत्री के संवाद को देख सभी ने योगी के बालमन की तारीफ की तो बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे

# 'सिर्फ बयान देने से नहीं चलेगा काम, खुलकर साथ दे रूस'

**ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पुतिन को चिट्ठी**

रूस ने ईरान के मुद्दे पर अमेरिका के साथ सीधा टकराव में अभी तक रुची नहीं दिखाई है. पुतिन ने बार-बार अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है.

एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार (23 जून 2025) को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की. ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने के बाद से ही रूस अमेरिका की निंदा कर रहा है. क्रेमलिन में हुई मुलाकात के दौरान पुतिन ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ईरान के लोग समर्थन के लिए रूस पर भरोसा कर सकते हैं. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने अपने विदेश मंत्री अब्बास अराघची को एक लेटर पुतिन को देने के लिए कहा है, जिसमें खुलकर समर्थन करने की मांग की है. रूस अभी तक जिस तरह से समर्थन कर रहा है वो ईरान को पसंद नहीं आ रहा है. खामेनेई के लिखे पत्र में कहा गया है कि पुतिन इजरायल और अमेरिकी के खिलाफ और ज्यादा खुलकर आगे आएं और समर्थन करें. हालांकि तेहरान किस तरह की सहायता चाहता है ये अभी साफ नहीं हुआ है. रूस ईरान का पुराना सहयोगी है. वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो की मदद से ईरान की पश्चिम देशों के साथ परमाणु वार्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. पुतिन की सेना इस समय यूक्रेन में लगातार चौथे साल एक बड़ा युद्ध लड़ रहा है.



### फोर्दो परमाणु केंद्र पर फिर से हुआ हमला तो ईरान ने इजरायल पर कर दी मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार, अमेरिका को भी दी चेतावनी

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजरायल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। साथ ही ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की खुली छूट मिल गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया

# वहनीयता अब एक नारा नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है: राष्ट्रपति मुर्मू

लेखांकन और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया।

एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही। जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा, वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा, इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले के चारों हत्यारों के मारे जाने तक ऑपरेशन सिंदूर जारी रहना चाहिए : असदुद्दीन ओवैसी

पाकिस्तान की तरफ से खतरा तब तक कम नहीं होगा जब तक उसकी सेना देश पर कब्जा जमाए रखेगी। वह आतंकी गुटों का समर्थन करती रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह कामयाब न हो।

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर तब तक जारी रखना चाहिए जब तक कि पहलगाम आतंकी हमले के चारों हत्यारे मारे नहीं जाते। आज रात 10 बजे इंडिया टीवी पर प्रसारित होने जा रहे रजत शर्मा के मशहूर शो 'आप की अदालत' में सवालों के जवाब देते हुए ओवैसी ने चेतावनी दी, अगर पाकिस्तान ने दोबारा हिमाकत की तो बहुत महंगा साबित होगा इस बार। ओवैसी ने कहा, अगर भारतीय सशस्त्र बल चाहते तो पाकिस्तान के सभी नौ एयरबेस को पूरी तरह तबाह कर सकते थे, लेकिन उन्होंने सिर्फ रनवे को निशाना बनाया। यह उनके लिए एक संदेश था कि यह तो बस ट्रेलर था और उन्हें सावधान रहना चाहिए। हमारी सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और दुश्मन को मैसेज मिल गया। यही वजह है कि उनके फोन कर सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई। जो सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे इस्लामी देशों में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, ने कहा: पाकिस्तान हमेशा झूठ फैलाता है।



# अरब देश होंगे अमेरिका और इजराइल का अगला निशाना : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की शर्तों को लेकर मीडिया के एक धड़े में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मीडिया झूठ फैला रहा है।

एजेंसी



नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को अरब देशों को चेतावनी दी कि इजराइल और अमेरिका का अगला निशाना वही होंगे क्योंकि उनके तेल और गैस पर दोनों देशों की नजर है। उन्होंने कहा, यह उनकी (अमेरिका की) लंबे समय से नीति रही है कि ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनना चाहिए। यहां तक कि क्षेत्र के सुन्नी देश भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन उनमें बोलने का साहस नहीं है। अब्दुल्ला ने यहां नवा-ए-सुबह में पार्टी की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, आज वे सोचते हैं कि ईरान पर हमला हुआ है, लेकिन मैं आपके माध्यम से उन्हें चेतावनी देना चाहता हूं कि एक दिन इजराइल उन पर भी हमला करेगा।

**तारीफ** — शशि थरूर ने फिर की प्रधानमंत्री की तारीफ, कांग्रेस असहज

# पीएम मोदी भारत के 'प्राइम एसेट'...

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी एक बार फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है तथा पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है। थरूर ने अंग्रेजी दैनिक द हिंदू के लिए लिखे एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर थरूर के इस लेख को साझा किया और कहा, लोकसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शशि थरूर लिखते हैं: ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित वैश्विक पहुंच से सबक।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि तिरुवनंतपुरम से सांसद ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शशि थरूर ने स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। भंडारी ने कहा, शशि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। लेख में थरूर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक समर्थन की आवश्यकता है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर सैन्य अभियान के बाद भारत के रुख से अवगत कराने के लिए अमेरिका और चार अन्य देशों में गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। इसने इस बात पुष्टि की है कि भारत एकजुट होने पर अपनी आवाज स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रख सकता है।



"तत्काल सैन्य कार्रवाई निर्णायक थी, लेकिन उसके बाद का कूटनीतिक संपर्क वैश्विक धारणाओं को आकार देने और अंतरराष्ट्रीय समर्थन को मजबूत करने में समान रूप से, यदि अधिक नहीं तो, महत्वपूर्ण था।

# पुलिस अब अपने मूल कर्तव्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेगी: रेखा गुप्ता



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पुलिस को व्यवसायों को लाइसेंस जारी करने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिए जाने से अब पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे अपने मूल कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय होगा। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस बड़े सुधार से पुलिस अब अपनी ऊर्जा और संसाधनों को वास्तविक पुलिस व्यवस्था के लिए समर्पित कर सकेगी। गुप्ता ने घोषणा की कि होटल, मोटल, अतिथिगृह, रेस्तरां, स्विमिंग पूल, ऑडिटोरियम, डिस्कोथेक, वीडियो गेम पार्लर और मनोरंजन पार्क जैसे प्रतिष्ठानों को अब अपने संचालन के लिए दिल्ली पुलिस से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके बजाय, ऐसे लाइसेंस जारी करने का अधिकार अब स्थानीय निकायों जैसे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) या दिल्ली छावनी बोर्ड के पास होगा।

- दिल्ली सरकार के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि यह परिवर्तन केंद्र के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन दृष्टिकोण और व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में उसके प्रयास के अनुरूप है।

## सम्पादकीय

# हर स्तर पर जरूरी जल संरक्षण, मानसूनी वर्षा जल को सहेजना जरूरी

छोटी नदियों को स्थानीय तालाब-जोहड़ से जोड़ा जाना चाहिए। इन सभी स्थानों पर पौधरोपण होना चाहिए। नदियों के किनारे गहरे भूजल रीचार्ज की व्यवस्था होनी चाहिए। शहरों में बड़ी इमारतों में रीचार्ज पिट का निर्माण किया जाना चाहिए। जाहिर है इसके लिए बहुत से विभागों का समन्वित और एकजुट प्रयास जरूरी होगा। देश में इस बार मानसून सीजन ( जून से सितंबर ) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश 106 प्रतिशत रह सकती है। वहीं जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। बारिश अचानक कुछ घंटे में इतनी हो जाती है कि आनंद त्रासदी में बदल जाता है और फिर जैसे ही बादल विदा हुए वह इलाका पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने लगता है। तिस पर अब जलवायु परिवर्तन की मार देश के दूरस्थ अंचल तक दिख रही है। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा प्रभाव होगा। देश में हमारे पूर्वजों ने इस तरह की जल-निधियां विकसित की थीं, जो न्यूनतम बरसात में लोगों की जल जरूरतों को पूरा करने में सक्षम थीं, लेकिन आधुनिकता की आंधी में हमने ही अपनी समृद्ध विरासतों को बिसरा दिया। ये लोक परंपराएं न केवल पानी की कमी से निपटने और मानसून की तैयारी करने के व्यावहारिक तरीका थीं, बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने, प्रकृति के प्रति सम्मान जगाने और पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान और संस्कृति को हस्तांतरित करने का माध्यम भी थीं। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्त्रोतों की मदद से ही खेत और गले, दोनों के लिए अतिरिक्त पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप लगाए जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूजल का कोटा साफ हो चुका था। समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्त्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है, पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। हमारे देश में औसतन 1170 मिमी पानी सालाना आसमान से नियामत के रूप में बरसता है। देश में कोई पांच लाख 87 हजार के आसपास गांव हैं। यदि औसत से आधा भी पानी बरसे और हर गांव में महज 1.12 हेक्टेयर जमीन पर तालाब बने हों तो देश की कोई एक अरब 30 करोड़ आबादी के लिए पूरे साल पीने एवं अन्य प्रयोग के लिए 3.75 अरब लीटर पानी आसानी से जमा किया जा सकता है।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि :** आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे. अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें. भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं. अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी. जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे.

**वृष राशि:** आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा. निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं. नए विचार आपके सामने आते रहेंगे.आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है. आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें. हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें. आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं. अगर आज किसी को प्रपोज करना चाह रहे हैं तो कर सकते हैं.

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा. आज आपका मन नए काम करने में लगेगा. बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं. आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें. आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी. लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. पार्टनर से प्यार और सहयो मिलेगा.

**कर्क राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है. आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें. आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं. इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं. आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे.

**सिंह राशि:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा. बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा. वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें. अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जाएगी.

**कन्या राशि :** आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकाल कर प्रकृति का आनंद लें. आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोलभाव पर लाभ होगा अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है.

**तुला राशि:** आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे.आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे. आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है. बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी. दिल की बजाए दिमाग से काम लें. व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा.

**वृश्चिक राशि:** आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा. बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी. धन लाभ का योग बन रहा है.समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा. शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे.

**धनु राशि:** आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं.राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी. आज पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा. शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी.

**मकर राशि:** आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे. आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा.अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें. छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है.

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा. आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे. कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी.

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा. आज कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे.

संतान के करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेंगी. दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं.पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा. सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अमेरिका की दबंग कूटनीति का दौर, भारत समेत पूरी दुनिया की इस पर है नजर

> राजशाही के विरोधी वामपंथी मुजाहिदीन-ए-खल्क की छवि ईरान-इराक युद्ध में इराक के समर्थन के कारण खराब है और कुर्द और बलोच गुटों का जनाधार केवल सीमावर्ती प्रांतों तक सीमित है।

पश्चिम एशिया में धौंस की कूटनीति का एक खतरनाक दौर शुरू हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान की मुल्लाशाही(मुल्लाओं यानी मजहबी नेताओं का शासन) को आर्थिक प्रतिबंधों में रियायत का प्रलोभन देकर परमाणु शक्ति और मिसाइल तकनीक की महत्वाकांक्षा को तिलांजलि देने के सौदे पर तैयार करने में लगे थे। तभी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यकायक नाटकीय तरीके से हमला करके ईरान की सेना और परमाणु शक्ति के शीर्ष नेतृत्व का सफाया कर दिया। हमले पर ट्रंप की आरंभिक प्रतिक्रियाएं देखकर लगा कि अपने कूटनीतिक प्रयासों के बीच इजरायल का कूद पड़ना उन्हें अच्छा नहीं लगा, पर जैसे ही उन्हें इजरायली हमलों की नाटकीय कामयाबी का अहसास हुआ तो उन्होंने इजरायल को रोकने की जगह उसकी कामयाबी की बात करना और ईरान से समर्पण करने की मांग करना शुरू कर दिया। एक तरफ वे ईरान को दो हफ्तों का समय देने की बात कर रहे थे और दूसरी तरफ दिएगो गार्सिया में अपने बी2 बमवर्षक विमानों को हमलों के लिए तैयार कर रहे थे। झांसा देकर वार करना ट्रंप की शैली है, जिसका वर्णन उन्होंने अपनी चर्चित पुस्तक द्यद आर्ट आफ द डीलद्व में किया है। ईरान को दो हफ्तों के झांसे में रखकर फोर्डो, नतांज और इस्फहान के परमाणु संयंत्रों पर बम बरसा दिए। ट्रंप ने फोर्डो समेत ईरान के परमाणु केंद्रों को ध्वस्त करने का दावा करते हुए धमकी दी है कि यदि ईरान अब भी समझौते के लिए राजी नहीं हुआ तो और विनाशकारी हमले किए जाएंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने भी ट्रंप के सुर में सुर मिलाते हुए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विश्व के लिए गंभीर खतरा बताया। ईरान ने जवाब में इजरायली शहरों पर मिसाइलों की बरसात शुरू कर दी है, लेकिन इसके बावजूद वहां लोग जश्न मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के लिए तो यह उनके राजनीतिक करियर की सबसे कामयाब घड़ी है, पर अमेरिका के भीतर इस हमले को लेकर जनमत बुरी तरह बंटा हुआ है। दूसरे देश पर हमला करने के लिए राष्ट्रपति को अमेरिकी संसद का अनुमोदन लेना जरूरी होता है। इराक पर हमले से पहले दोनों बुश राष्ट्रपतियों ने कांग्रेस का अनुमोदन लिया था। इसलिए अमेरिकी सांसदों-सीनेटरों का एक वर्ग ट्रंप के लड़ाई में उतरने से नाराज है। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का मागाद्ध धड़ा इससे नाराज है कि उन्होंने अमेरिका को युद्धों में न उलझाने के चुनावी वादे को तोड़कर इजरायल की लड़ाई में पांव फंसा लिए हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही है। यूरोप और पश्चिम एशिया के देश जहां ईरान के परमाणु कार्यक्रम का खतरा कम होने और समझौते की संभावना प्रबल होने का स्वागत करेंगे, वहीं अमेरिकी हमले की वैधता की निंदा होगी। रूस और चीन समेत दुनिया के दूसरे देश कूटनीति का रास्ता छोड़कर दूसरे देश की प्रभुसत्ता के उल्लंघन की निंदा करेंगे। अमेरिका-इजरायल के साथ-साथ ईरान के साथ भी घनिष्ठ संबंध होने के कारण भारत के लिए यह हमला धर्मसंकट खड़ा करता है। भारत यह तो चाहेगा कि ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोका जाए, पर उसके लिए उसकी प्रभुसत्ता का अतिक्रमण करने की हिमायत कभी नहीं कर सकता। दिलचस्प यह भी है कि ईरान 1968 से ही परमाणु अप्रसार संधि या एनपीटी का सदस्य है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी उसकी परमाणु गतिविधियों पर नजर रख सकती है। जबकि इजरायल परमाणु शक्ति होते हुए भी एनपीटी का सदस्य नहीं है। यानी एक तरह से एक चोर जज और सिपाही बना बैठा है। इस संदर्भ में इजरायल का तर्क रहा है कि दशकों से परमाणु शक्ति होने के बावजूद उसने न कभी किसी दूसरे देश को मिटाने की धमकी दी और न ही परमाणु प्रसार किया है। जबकि ईरान की मुल्लाशाही अक्सर इजरायल के सर्वनाश की बात करती रहती है। हालांकि यह तर्क ईरान से अधिक तो पाकिस्तान पर लागू होता है, जिसके प्रसार की बदौलत आज ईरान परमाणु शक्ति बनने के कगार पर है। फिर भी अमेरिका ने वैसी तत्परता पाकिस्तान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने में नहीं दिखाई जैसी वह ईरान को रोकने में दिखा रहा है। अब भारत समेत पूरी दुनिया की नजर इस पर है कि ईरानी मुल्लाशाही अमेरिका के हमले का कब और क्या जवाब देती है। उसने इजरायल पर हमला बोल ही दिया। वैसे उनके पास तीन विकल्प हैं। इराक, यमन और लेबनान में फैले हमास और हाउती जैसे शिया मिलिशिया से अमेरिकी ठिकानों और जहाजों पर हमले कराए और होरमुज जलसंधि में बारूदी सुरंगे बिछाकर उसे बंद कर दे। वह खाड़ी देशों के तेल और गैस ठिकानों को भी निशाना बना सकता है, जिससे तेल और गैस की कीमतें आसमान छू सकती हैं। हालांकि सऊदी और यूएई ने लाल सागर तटों तक तेल और गैस की पाइपलाइनें बिछा कर सप्लाई का वैकल्पिक रास्ता बना रखा है, लेकिन बाजार जोखिम और धारणा के आधार पर दाम तय करते हैं। 1979-80 में इस्लामी क्रांति होने भर से तेल के दाम तिगुने हो गए थे। यदि ऐसा हुआ तो भारत ही नहीं पूरे विश्व की आर्थिकी के लिए संकट खड़ा हो जाएगा। दूसरा विकल्प अमेरिका की शर्तें मानकर समझौता करने का है, जिसके लिए ईरानी लोग शायद सरकार को कभी माफ न करें, क्योंकि ईरान का परमाणु कार्यक्रम राजशाही के जमाने का है और उसे ईरान के अस्तित्व से जोड़कर देखा जाता है। तीसरा विकल्प अमेरिका और इजरायल के वार झेलते हुए सद्दाम हुसैन और बशर अल-असद की तरह संकट की घड़ी टलने का इंतजार करने का है। ईरान के पास साढ़े तीन लाख सेना के साथ ही लगभग उतनी ही बड़ी तादाद में क्रांतिकारी गार्ड और बसीज स्वयंसेवकों के दस्ते हैं, जिनके सहारे वे संभावित विद्रोह को दबाए रख सकते हैं। ईरान में राजशाही को समाप्त हुए दो पीढ़ियां बीत चुकी हैं। इसलिए उनका जनाधार नहीं बचा है। राजशाही के विरोधी वामपंथी मुजाहिदीन-ए-खल्क की छवि ईरान-इराक युद्ध में इराक के समर्थन के कारण खराब है और कुर्द और बलोच गुटों का जनाधार केवल सीमावर्ती प्रांतों तक सीमित है। प्रबल और संगठित विपक्ष के न रहने के कारण मुल्लाशाही के लिए इजरायली-अमेरिकी हमलों से जगे राष्ट्रवाद की भावना के सहारे सत्ता में बने रहना कठिन नहीं होगा।



# आनलाइन गेमिंग: संयम और जागरूकता आवश्यक

(विवेक रंजन श्रीवास्तव)



आज आनलाइन गेमिंग युवाओं के जीवन का एक बड़ा हिस्सा बन गया है। जहां इसके कुछ सकारात्मक पहलू हैं, वहीं इसका स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव पड़ रहा है ।

### नकारात्मक शारीरिक स्वास्थ्य

गतिहीन जीवनशैली तथा लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, मांसपेशियों में अकड़न, पोस्चर खराब होना गर्दन और पीठ दर्द, हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है। आँखों पर दबाव ,स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार फोकस से आँखों में थकान, सूखापन और धुंधली दृष्टि, डिजिटल आई स्ट्रेन, के प्रकरण हो चुके है।

नींद में खलल, गेमिंग, खासकर रात में, नींद के पैटर्न को बुरी तरह प्रभावित करती है। नीली रोशनी मेलाटोनिन ,नींद के हार्मोन के उत्पादन को रोकती है, जिससे नींद न आना या खराब नींद होती है। इससे थकान, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी आती है। लंबे गेमिंग सत्रों के कारण खान पान अनियमित हो जाता है और युवा जंक फूड पर निर्भर हो जाते हैं या भोजन छोड़ देते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य

गेमिंग की नशे जैसी लत के कारण गेमिंग डिसऑर्डर देखने को मिलता है। कुछ युवा गेमिंग के कारण स्वयं पर नियंत्रण खो देते हैं, जिससे पढ़ाई, रिश्ते और दैनिक जिम्मेदारियाँ प्रभावित होती हैं। यह चिंता, अवसाद और अलगाव की भावना पैदा करती है। प्रतिस्पर्धी दबाव, ऑनलाइन उत्पीड़न साइबरबुलिंग, या सोशल मीडिया से तुलना करने से चिंता और आत्मसम्मान की उपेक्षा बढ़ती है।

आवेग नियंत्रण में कमी आती है। कुछ अध्ययनों में हिंसक गेम्स और आवेगी व्यवहार या क्रोध के बीच संबंध देखा गया है। वास्तविक दुनिया से पलायन करने की आदत हो जाती है। ज्यादा गेमिंग वास्तविक समस्याओं से निपटने के बजाय उनसे बचने का माध्यम बन जाती है। आमने-सामने, मिलने जुलने और सामाजिकता में कमी होती है। ऑनलाइन दोस्ती के बावजूद, वास्तविक दुनिया में मिलने-जुलने और सामाजिक कौशल विकसित करने का समय कम होता है।

साइबरबुलिंग ,ऑनलाइन गेमिंग समुदायों में उत्पीड़न, नस्लवाद या लिंगभेद का सामना बढ़ता है, जिसका मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

### सकारात्मक प्रभाव

गेमिंग के कुछ सकारात्मक प्रभाव भी होते हैं। कौशल विकास होता है। कुछ गेम्स समस्या-समाधान, रणनीतिक सोच, त्वरित निर्णय लेने, हाथ-आँख के समन्वय और स्थानिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।

ऑनलाइन गेम्स टीम वर्क, सहयोग और संचार कौशल विकसित करने का मंच प्रदान कर सकते हैं। वे दुनिया भर के लोगों से जुड़ने और मित्रता करने में मदद कर सकते हैं विशेषकर उनके लिए जिन्हें सामाजिककरण में कठिनाई होती है।

### रचनात्मकता

कई गेम्स कहानी कहने, संसाधन प्रबंधन और यहाँ तक कि ऐतिहासिक या वैज्ञानिक अवधारणाओं के बारे में सीखने को प्रोत्साहित करते हैं। कुछ गेम्स में रचनात्मक निर्माण तत्व भी होते हैं।

### तनाव से राहत

आनलाइन गेमिंग से मनोरंजन सुनिश्चित होता है। संयमित रूप से खेलने पर गेम्स मनोरंजन, आराम और तनाव कम करने का एक प्रभावी साधन हो सकते हैं।

इसलिए स्वस्थ संतुलन बनाएँ , समय सीमा तय करें, प्रतिदिन गेमिंग का स्पष्ट समय निर्धारित करें और उसका पालन करें।

शारीरिक गतिविधियों को प्राथमिकता दें, नियमित व्यायाम और बाहरी गतिविधियों के लिए समय अवश्य निकालें। नींद पूरी करें , सोने से कम से कम एक घंटा पहले स्क्रीन बंद कर दें। अच्छी नींद की आवश्यकता समझें। स्वस्थ भोजन जरूर लें । नियमित, संतुलित भोजन करें। गेमिंग के दौरान जंक फूड से बचें। वास्तविक दुनिया के संबंध बनाए रखें, परिवार और दोस्तों के साथ आमने-सामने समय बिताने को प्राथमिकता दें। सुरक्षा और सकारात्मकता आवश्यक होती है। सकारात्मक और सम्मानजनक बातचीत करें। जागरूकता और संवाद बनाए रखें । माता-पिता को गेमिंग की दुनिया के बारे में जानना चाहिए और अपने बच्चों से इसके अनुभवों के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए। संभावित नुकसान के संकेतों जैसे व्यवहार में बदलाव, स्कूल के काम में गिरावट, पर नजर रखें। आनलाइन गेमिंग सदैव बुरी नहीं है पर संयम और जागरूकता महत्वपूर्ण है। जब गेमिंग अन्य जीवन गतिविधियों शारीरिक व्यायाम, पढ़ाई, परिवार, दोस्त, पर्याप्त नींद को प्रभावित करने लगे, तो यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाती है। युवाओं को स्वस्थ डिजिटल आदतें विकसित करने में मदद करना और गेमिंग को जीवन का एक संतुलित हिस्सा बनाना ही इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करने और सकारात्मक पहलुओं का लाभ उठाने की कुंजी है।

# विश्व युद्ध की आहट : इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल

संजीव ठाकुर

ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख आयतुल्लाह खेमनेइ को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबिब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इसराइल रोक पाने में असफल रहा है, वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शास्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास,हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गाजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजराइल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इसराइल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इसराइल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो, नतांज और इस्फहान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि व? हमले हो सकते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से गुजर कर होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इसराइल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इसराइल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है। पिछले 36 साल से ईरान पर शासन कर रहे आयतुल्लाह खेमनई ने शिया सुन्नी विवाद को बहुत आगे बढ़ा दिया और मिडिल ईस्ट के कई देशों को परेशान भी किया है ऐसे में सारे मुस्लिम देश इसराइल तथा अमेरिका के विरोध में एकत्र नहीं हो पाए। गौरतलब है कि इसराइल ने ईरान के 11-12 प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों तथा उसके सबसे ताकतवर सैन्य कमांडरों की मिसाइल हमले से हत्या भी कर दी है ऐसे में ईरानी प्रमुख के पास वर्तमान में सेना को नेतृत्व करने वाले कमांडरों की कमी हो गई है और उसके परमाणु प्रोग्राम का भविष्य भी चौपट हो गया है। रही-सही कसर अमेरिका के लड़ाकू विमान ने परमाणु ईंधन भंडारण ठिकानों पर हमला कर उसे नष्ट कर पूरा कर दिया है। ईरान भी युद्ध के शुरूआती दौर में पाकिस्तान के भरोसे परमाणु हमले की धमकी दे रहा था पर पाकिस्तान के सो- कॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप की लंच पॉलिटिक्स में उलझ कर उसके खेमे में जाकर ईरान का साथ देने से साफ इनकार कर दिया हैं। पाकिस्तान अमेरिका को अपने दो ऐसे एयर-बेस जो ईरान के एकदम नजदीक हैं को इस लड़ाई में उपयोग करने हेतु देने में सहमत हो गया है।

# बिलावल ने इजराइली हमलों की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की

## सिंधु संधि पर भारत को जंग की चेतावनी दी; पाकिस्तानी पीएम बोले- हम ईरान के साथ खड़े

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक बिलावल ने कहा कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया था, उसी तरह इजराइल ने ईरान पर अटैक किया है। उन्होंने भारत के साथ 7 से 10 मई तक हुए सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान की जीत का दावा किया। दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 6-7 मई को हवाई हमला किया था। इसके अलावा बिलावल ने भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने को अवैध करार दिया और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया। बिलावल ने नदियों का पानी रोकने या बांध बनाने की कोशिश करने पर भारत



को जंग की चेतावनी दी। बिलावल ने कहा, ₹हमारी वायुसेना ने पहले भारत को हराया है और जरूरत पड़ी तो फिर हराएगी। हम अपने देश के लिए सभी छह नदियों के पानी को सुरक्षित रखेंगे।₹ बिलावल ने दावा किया कि पाकिस्तान के ऑपरेशन बुनियान-उम-मारसूस में भारतीय वायुसेना के 6 लड़ाकू विमान गिराए गए। इसमें तीन राफेल और दर्जनों ड्रोन शामिल थे। इसके साथ बिलावल ने इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विश्व ने ईरान के खिलाफ इजराइल की कार्रवाइयों पर चुप्पी साधी, तो कोई नही बचेगा। बिलावल ने जर्मन पादरी मार्टिन नीमोलर की कविता फर्स्ट दे केम का जिक्र किया। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले और अमेरिका के तेहरान के परमाणु संयंत्रों पर की गई बमबारी को इस बढ़ते संघर्ष का कारण बताया। उन्होंने इजराइल के रवैये को वर्ल्ड वॉर-3 की ओर ले जाने वाला बताया। अमेरिका का ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर हवाई हमले के बाद बनी क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा के लिए सोमवार को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की आपात बैठक बुलाई गई है। ये बैठक ढट शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में होगी। न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक ये बैठक आज शाम को होगी। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें हिस्सा लेंगे।

हाल ही में अमेरिका दौरे से लौटे फील्ड मार्शल मुनीर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी बैठक का ब्योरा समिति को देंगे। मुनीर ने अमेरिका में ईरान-इजराइल युद्ध खत्म करने की वकालत की थी। हालांकि अमेरिकी पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया। पाकिस्तान ने अमेरिका के ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमले की निंदा की है। पीएम शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने ईरान के लोगों और सरकार के साथ होने की बात कही और हमलों में हुए जानमाल के नुकसान पर अफसोस जताया। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया।

# सीरिया के चर्च में आत्मघाती हमला, 22 मौतें

## 63 घायल; आईएसआईएस आतंकी ने पहले फायरिंग की, फिर खुद को बम से उड़ा लिया

एजेंसी

दमिश्क, सीरिया की राजधानी दमिश्क में रविवार रात एक भयानक आत्मघाती हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 63 घायल हो गए। हमला ग्रीक ऑर्थोडॉक्स सेंट एलियास चर्च में उस समय हुआ जब दर्जनों लोग प्रार्थना में शामिल थे। यह घटना तब हुई जब चर्च के अंदर एक इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़ा आतंकी घुसा, पहले फायरिंग की और फिर खुद को उड़ा लिया। हमला भारतीय समयानुसार रविवार रात को हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के



मुताबिक, हमलावर के साथ एक अन्य बंदूकधारी भी था, उसने भी भीड़ पर गोलीबारी की लेकिन विस्फोट नहीं किया। चर्च में उस वक्त लगभग 150 से 350 लोग मौजूद थे। विस्फोट से अंदर की बेंचें बिखर गईं।

सीरियाई सुरक्षाबल हमले की जांच में जुटे हैं और चर्च क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है। सरकार ने यह भी कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। नई सरकार एचटीएस (हयात तहरीर अल-शाम) के पूर्व इस्लामिक विद्रोही नेताओं द्वारा संचालित है, जो पहले आईएस के खिलाफ भी लड़ चुके हैं। हमला ऐसे समय में हुआ जब पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाए जाने के बाद एक इस्लामिक नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई है। नई सरकार की नीतियों के चलते आईएस फिर से सक्रिय होने की कोशिश कर रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, असद समर्थक सैनिकों द्वारा छोड़े गए हथियारों का फायदा उठाकर आईएस ने खुद को फिर से संगठित किया है। सीरिया के सूचना मंत्री हमजा अल-मुस्तफा ने इस हमले को राष्ट्रीय एकता पर हमला बताया और सभी समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गियर पेडर्सन ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की और जांच की मांग की।

# खामनेई ने ट्रंप को कंकाल दिखाया, फिर दी सबसे बड़ी धमकी

**ईरान हथियार डालने के मूड में नजर नहीं आ रहा है। वो अभी भी इजरायल पर मिसाइलें बरसा रहा है। जिसका संकेत ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने पहले भी दिया था कि जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, वो उससे टकराने की गलती नहीं करेंगे।**




एजेंसी


अयातुल्लाह अली खामनेई ये सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि ईरान की वो ताकत है जो अमेरिका और इजरायल की आंखों में हमेशा से खटकती रही। ट्रम्प लगातार ईरान को धमकियां दे रहे हैं। ट्रम्प ईरान में तख्तापलट का मंसूबा पाले हुए हैं। 86 वर्षीय ईरानी नेता अब पहले से कहीं अधिक अलग-थलग पड़ गए हैं। उनके कई शीर्ष सैन्य और सुरक्षा सलाहकार इजरायली हवाई हमलों में मारे गए हैं, जिससे उनकी टीम में बड़ी कमी आ गई है। अब तो युद्ध में सीधे सीधे अमेरिका की भी एंट्री हो चुकी है। लेकिन फिर भी ईरान हथियार डालने के मूड में नजर नहीं आ रहा है। वो अभी भी इजरायल पर मिसाइलें बरसा रहा है। जिसका संकेत ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने पहले भी दिया था कि जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, वो उससे टकराने की गलती नहीं करेंगे। ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद सुप्रीम नेता अयातुल्लाह खामनेई का बयान भी सामने आया। खामनेई के एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा गया कि दंड जारी है... दुश्मन ने एक गंभीर गलती की है, एक बड़ा अपराध किया है उसे दंडित किया जाना चाहिए और उसे दंडित किया जा रहा है। इस धमकी वाली पोस्ट में सबसे खास एक इमेज रही जिसका इस्तेमाल किया गया है। पोस्ट के साथ एक कंकाल की तस्वीर लगाई गई है। संकेत की भाषा में ईरान कहना चाह रहा है कि उस पर अमेरिकी हमले का खौफनाक बदला लिया जाएगा।

इस पोस्ट के तुरंत बाद ईरान ने बैलेस्टिक मिसाइल से ईरान पर जोरदार हमला बोल दिया। इजरायल के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। साथ ही ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की खुली छूट मिल गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

# ईरान में बम गिरा फंसे ट्रंप, युद्ध शक्ति अधिनियम से ऐक्शन की तैयारी, अमेरिका में भयंकर विरोध

एजेंसी

अमेरिका ने ईरान पर हमला किया और उसकी तीन न्यूक्लियर साइट्स को निशाना बनाया। लेकिन ईरान पर बम गिरकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुरी तरह से फंसते नजर आ रहे हैं। अमेरिका में ही उनका विरोध होने लगा है। वॉर पावर एक्ट से एक्शन लेने की तैयारी दिख रही है। आपको बता दें कि ट्रंप के खिलाफ 47 सांसदों ने साइन भी कर दिए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रंप से




जवाब की मांग की है। विपक्षी पार्टियों ने ट्रंप को अमेरिका को युद्ध में झोंकने के लिए दोषी बताया है। इसके साथ ही विपक्षी सांसदों ने अमेरिकी सैनिकों को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। विपक्ष ने ट्रंप पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। विपक्षी पार्टी ने कहा है कि किसी भी राष्ट्रपति को एकतरफा तरीके से अमेरिका को युद्ध जैसे हालात में नहीं धकेलना चाहिए। ट्रंप का यह फैसला बेहद खतरनाक है, जिससे अमेरिका खुद ईरान-इजराइल युद्ध में कूद गया है। यह डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए निर्णायक क्षण है

**ट्रंप का यह फैसला बेहद खतरनाक है, जिससे अमेरिका खुद ईरान-इजराइल युद्ध में कूद गया है। यह डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए निर्णायक क्षण है। हमें ईरान के खिलाफ युद्ध के खिलाफ खड़ा होना होगा। मैं आज रात पत्र भेज रहा हूं और हर सांसद से अनुरोध कर रहा हूं कि वे मेरे इस विधेयक का समर्थन करें।**

हमें ईरान के खिलाफ युद्ध के खिलाफ खड़ा होना होगा। मैं आज रात पत्र भेज रहा हूं

# एअर इंडिया की जयपुर-दुबई फ्लाइट के कॉकपिट में खराबी

### 130 पैसेंजर्स थे, उड़ान रद्द; श्रीनगर जा रही फ्लाइट लैंड किए बिना दिल्ली लौटी




एजेंसी

नई दिल्ली , एअर इंडिया और दूसरी एयरलाइंस की फ्लाइट्स में तकनीकी खामी आने और अन्य वजहों से कैंसिल होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट और इंडिगो की एक फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। इनके अलावा, रविवार को एअर इंडिया की तीन फ्लाइट्स कैंसिल की गई थीं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइटसोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया। दिल्ली से जम्मू जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट बिना लैंडिंग वापस लौटीएअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना दिल्ली लौट गई। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट नंबर क-2564 को

**एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइटसोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया।**

श्रीनगर से पहले जम्मू में उतरना था। मौसम और रनवे साफ थे, लेकिन पायलट को उचित लैंडिंग पॉइंट नहीं मिला इंडिगो की इंदौर से भुवनेश्वर की फ्लाइटसोमवार को इंदौर से भुवनेश्वर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए 6332 (एयरबस अ320 नियो विमान) तकनीकी खराबी के चलते रनवे के बीच से लौट आई। फ्लाइट में 80 से ज्यादा यात्री सवार थे। इंदौर एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर ने बताया कि विमान में माइनर टेक्निकल फॉल्ट की जानकारी सामने आई थी। सुधार के बाद विमान इंदौर से भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गया है। विमान करीब ढाई घंटे तक रनवे पर खड़ा रहा। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे। सोमवार को ऊऋउअ ने हरियाणा के गुरुग्राम में मौजूद एअर इंडिया के मुख्य बेस ऑडिट शुरू किया है।

# उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में पर्यटन बहाल करने के प्रयासों पर संतोष जताया

**देशभर के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक यहां आए हैं और उनके साथ ही स्थानीय पर्यटक भी ठंड और बारिश के मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।**

एजेंसी

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि कश्मीर में पर्यटन को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए प्रयासों के परिणाम सामने आ रहे हैं और पर्यटक घाटी में लौट रहे हैं। अब्दुल्ला ने पहलगाम में पर्यटन को फिर से बहाल करने के प्रयासों पर संतोष जताते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछली बार जब मैं पहलगाम गया था, तो मैंने एक ऐसे बाजार में साइकिल चलायी थी जो लगभग सुनसान था। आज, मैं



पहलगाम में वापस आया तो वहां चहल-पहल है। उन्होंने कहा कि देशभर के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक यहां आए हैं और उनके साथ ही स्थानीय पर्यटक भी ठंड और बारिश के मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। इस हमले में 25 पर्यटक और खच्चर सेवा संचालित करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गयी थी। अब्दुल्ला ने कहा, यह देखकर बहुत संतोष हो रहा है कि मेरे सहकर्मियों और मेरे द्वारा किए गए प्रयासों के परिणाम धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं।

# अखिलेश यादव के साथ विश्वासघात

एजेंसी

समाजवादी पार्टी ने सोमवार को अपने तीन विधायकों को निष्कासित कर दिया, जिन्होंने राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मतदान किया था। बागी विधायकों गोसाईंगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान, महिला, युवा, व्यापार, कामकाजी पेशेवरों और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।समाजवादी पार्टी (सपा) के तीन बागी विधायकों अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को सोमवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। गोसाईंगंज से सपा विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से पार्टी विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय खुले तौर पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन में आने का आरोप है। सपा ने इन तीनों विधायकों के निष्कासन का एलान करते हुए एक्स पर कहा, समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत साम्प्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता वकिसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और पीडीए विरोधी विचारधारा का साथ देने के कारण तीनों विधायकों को पार्टी से निष्कासित किया गया है।

महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, मध्य मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग, गणपत जाधव मार्ग, वरली, मुंबई – 400016
ई-मेल : centralmumbai.eeg.mahapwd.gov.in फोन 4936404/24931902 फैक्स
जा. क्र. का. अ. /ममुंवि/ई-निविदा/2738 दिनांक : 20.06.2025

निविदा सूचना क्र. 14 (वर्ष 2025-26)

कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई (सा.नि.) विभाग, वरली, मुंबई कार्यालय द्वारा महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत उचित श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए बी-1 नमूने में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. निविदा को स्वीकृत या अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई (सा.नि.) विभाग, वरली, मुंबई के पास सुरक्षित है. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु.) |
|---|---|---|
| 1 | आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र के अंतर्गत आग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन, सीआईडी सेल, ऑडिशन काउंसिल, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय, सातरस्ता, लॉक अप इमारत आदि इमारतों की वार्षिक दैनंदिन मरम्मत व रखरखाव तथा मामूली मरम्मत के कार्य करना | 8.03 |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों का दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्यों का निष्पादन करना. आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र के अंतर्गत 2 पी.आई. क्वार्टर, पंप हाउस, शेड, एनएम जोशी मार्ग, आर्थर रोड स्थित यार्ड क्रमांक 12 सी इमारत इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्यों का निष्पादन करना. | 4.87 |
| 3 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत मुंबई सेंट्रल जेल के वार्ड क्र. 6 व 7 , इन इमारतोंमें मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.83 |
| 4 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत मुंबई सेंट्रल जेल में मुख्य इमारत, यार्ड क्र. 8, 5 (अस्पताल), 5 (मानसिक वार्ड और मेडिकल स्टोर) इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.77 |
| 5 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत, मुंबई सेंट्रल जेल में वार्ड क्रमांक 12 ब, उच्च सुरक्षा कक्ष, यार्ड क्र. 11 और 10 (अलग कक्ष), यार्ड क्र. 9 (रसोई), यार्ड क्रमांक 4 (खाद्य गोदाम और भंडार गृह), वार्ड क्रमांक 12अ, एसआरपीएफ बैरक इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.54 |
| 6 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत, मुंबई सेंट्रल जेल के यार्ड क्रमांक 3, बाथिंग प्लेटफॉर्म, यार्ड क्र. 2 (उच्च सुरक्षा कक्ष) इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 8.43 |
| 7 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. आर्थर रोड (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत आग्रीपाडा स्थित पुलिस कर्मचारी कॉलोनी, 8 यूरोपियन कॉलोनी और नवीन पुलिस लाइन इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.81 |
| 8 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत नागपाडा स्थित एमटी कम्पाउंड दक्षिण क्षेत्र कार्यालय, दक्षिण क्षेत्र नियंत्रण कक्ष और कैंटीन, गैरेज, कोच हाउस और गैरेज, गैरेज वर्कशॉप और पी. डब्ल्यू.डी. चौकी, स्टोर रूम इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 8.28 |
| 9 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत एमटी कम्पाउंड स्थित कार्यालय तथा दुकान इमारत, मोटर गैरेज और लॉरी शेड, वायरलेस विभाग और नागपाडा पुलिस स्टेशन कम्पाउंड, नागपाडा स्थित निरीक्षक कार्यालय इमारत इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.87 |
| 10 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत एसआरपीएफ बैरक्स, डिटेक्शन बिल्डिंग, पुलिस स्टेशन, नागपाडा और ए.टी.एस. नागपाडा पुलिस स्टेशन कम्पाउंड, नागपाडा, पुलिस स्टेशन और भायखला स्थित उपनिरीक्षक कार्यालय इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 6.81 |
| 11 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भायखला स्थित सभी पुलिस चौकी और प्रशिक्षण केंद्र, यातायात प्रशिक्षण संस्था की इमारत आदि इमारतों की मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.91 |
| 12 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत नागपाडा पुलिस अस्पताल की मुख्य इमारत, शस्त्रागार इमारत, 6 कैदियों के यार्ड और नागपाडा पुलिस अस्पताल कम्पाउंड, नागपाडा में ल्युनैटिक सेल आदि इमारतों की मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 7.73 |
| 13 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भायखला स्थित यातायात प्रशिक्षण संस्था की छात्रावास इमारत आदि इमारतों की मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 6.63 |
| 14 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भायखला स्थित जिला कारागार परिसर में नवीन प्रशासनिक इमारत, महिला बैरक (विभाग-1) आदि इमारतों की मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 5.80 |
| 15 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भायखला स्थित जिला कारागार में बैरक क्र. 1,2 ,3, 4, 5, 6 इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 4.62 |
| 16 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत नागपाडा पुलिस स्टेशन परिसर में 30 पुलिस क्वार्टर्स, 10 पुलिस निरीक्षक और कर्मचारी क्वार्टर्स, नागपाडा पुलिस अस्पताल कैम्पस, नागपाडा स्थित 24 कर्मचारियों के लिए आरसीसी चाल इन इमारतों की मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 8.04 |
| 17 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भायखला जिला कारागार स्थित कर्मचारी आवास प्रगति, प्रतापगड और सह्याद्रि इमारत, वार्डन आवास, जिला कारागार आवास, भायखला, और 10 पुलिस निरीक्षक आवास, ससेक्स रोड, भायखला इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 8.42 |
| 18 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. मोटर परिवहन (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भायखला स्थित पुरानी पुलिस लाइन और नागपाडा पुलिस अस्पताल कैम्पस, नागपाडा स्थित 10 सफाई कामगारों के लिए आर.सी.सी. चाल इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 8.39 |
| 19 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. ताडदेव (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत ताडदेव पेटिट मिल परिसर अंतर्गत पुलिस आवासीय इमारत क्र. 3, 5 और मांडवी स्थित मांडवी पुलिस स्टेशन और अधिकारी निवासस्थान इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 8.25 |
| 20 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. ताड़देव (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत ताडदेव पेटिट मिल परिसर अंतर्गत पुलिस निवासी इमारत क्र. 4, और उमरखाडी स्थित अधीक्षक निवासस्थान इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 6.54 |
| 21 | वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत अंतर्गत अनिवासी इमारतों के दैनिक अनुरक्षण सहित विविध कार्य करना. ताड़देव (सा.नि.) सेवा केंद्र अंतर्गत भेंडी बाजार स्थित 3 यूरोपियन अधिकारी और 6 उपनिरीक्षक निवासस्थान इन इमारतों में मामूली मरम्मत के कार्य करना. | 3.49 |

| | |
|---|---|
| निविदा उपलब्ध रहने की अवधि | 24/06/2025 को 15:00 बजे से 01/07/2025 को 15:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोले जाने की तिथि (यदि संभव हुआ तो) | 02/07/2025 को 15:00 बजे (कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई (सा.नि.) विभाग, गणपत जाधव मार्ग, वरली, मुंबई का कार्यालय |

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता,
मध्य मुंबई (सा.नि.) विभाग, वरली, मुंबई

डीजीआयपीआर/2025-2026/1321

# रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों को स्वस्थ रहने के नियमित योग करना चाहिए : बी पी एस राज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की माटुंगा वर्कशॉप शाखा के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सोलह जून से बीस जून तक योग शिविर का आयोजन किया गया। सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष डॉ प्रवीण बाजपेई के निर्देश पर आयोजित योगाभ्यास शिविर में मुख्य अतिथि सेन्ट्रल रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी डिप्टी सीपीओ बीपीएस राज ने उदधाटन किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि इस योग से शारीरिक समास्याओं का समाधान मिलता है। मनुष्य का जीवन स्वस्थ रहे इस लिए सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को निरन्तर योग करते रहना चाहिए। योग प्रशिक्षक गिरीश मिश्रा ईएमयू आर एच ए बी ने सभी कर्मचारियों को योग के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। योग हम सब के लिए भारत के संत मुनियों का ऐसा मूलमंत्र है जो हमारे तन के साथ साथ मन को भी स्वस्थ बनाता है। सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष वी के सावंत ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी रेल कामगारों एवं हमारे परिवार के सदस्यों को भी स्वस्थ रहने के लिए निरन्तर योग करना है। योग अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। शाखा सचिव डिसूजा, कोषाध्यक्ष ए एन सिंह सहित चन्द्रबली यादव , गणेश भालेराव, मंसूर कादरी व सभी शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। यह जानकारी जोनल मीडिया सलाहकार आर बी चतुवेर्दी ने दी है।

# 30 अनधिकृत निमार्णों पर मनपा ने चलाया हथौड़ा, एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे मनपा क्षेत्र में अनधिकृत निमार्णों के सर्वेक्षण और ध्वस्तीकरण के लिए उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष कार्रवाई दल नियुक्त किए गए हैं। इन दलों द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 30 अनधिकृत निमार्णों पर कार्रवाई की गई। साथ ही लोकमान्य नगर-सावरकर नगर प्रभाग समिति क्षेत्रों में अनाधिकृत निर्माण के मामले में एमआरटीपी के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया। उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार मनपा के नौ वार्ड समिति क्षेत्रों में अनाधिकृत निमार्णों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। साथ ही वार्ड समिति के बीट निरीक्षकों द्वारा बनाए गए अभिलेखों के अनुसार अनाधिकृत निमार्णों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। मनपा आयुक्त सौरभ राव के आदेश से गठित विशेष दल ने उपायुक्त को प्रभाग समितिवार दल प्रमुख तथा उपनगर एवं कार्यकारी अभियंता को सह दल प्रमुख नियुक्त किया है। इनके साथ सहायक दल प्रमुख, अभियांत्रिकी अधिकारी, कर्मचारी आदि को भी शामिल किया गया है।इन दलों को अनाधिकृत निमार्णों की खोज कर उन्हें हटाने की कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। खाली पड़े भवनों, निमार्णाधीन भवनों को पूरी तरह से तोड़ा जा रहा है। साथ ही कुछ स्थानों पर अतिरिक्त निर्माण, स्तंभ निर्माण, प्लिंथ कार्य के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की गई है। उपायुक्त (अतिक्रमण विभाग) शंकर पटोले ने बताया कि अनाधिकृत निमार्णों को हटाने की प्रभाग समितिवार कार्रवाई विशेष दलों के माध्यम से जारी रहेगी। यह कार्रवाई येउर, मुंब्रा, दिवा, वागले इस्टेट, नौपाड़ा, उथलसर, माजीवदा-मानपाड़ा में की गई। दिवा में 17 इमारतों में से दो और इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया। वहां ध्वस्त की गई इमारतों की कुल संख्या 13 हो गई है। अंत में पटोले ने कहा कि पुलिस सुरक्षा में दोपहर से तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई। दिवा में कार्रवाई के दौरान उपायुक्त मनीष जोशी, सचिन सांगले और पुलिस उपायुक्त सुभाष चंद्र बोरसे मौजूद थे। इससे पहले इस अभियान में 33 निमार्णों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसमें 30 और निर्माण जोड़े गए हैं। इस कार्रवाई के लिए पोकलेन, जेसीबी, गैस कटर, ट्रैक्टर ब्रेकर, मानव बल का इस्तेमाल किया गया। यह कार्रवाई पुलिस और महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवानों की सुरक्षा में की गई।

फास्ट ट्रैक

# राज्य सूचना आयुक्त ने उल्हासनगर मनपा के पूर्व लोक सूचना अधिकारी (पीआईओ) पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20(1) के अनुसार कार्यवाही।**

**उक्त कार्यवाही आरटीआई कार्यकर्ता सत्यजीत बर्मन की शिकायत पर हुई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.महाराष्ट्र राज्य सूचना आयुक्त कोंकण बेंच ने 11 जून 2025 के एक महत्वपूर्ण आदेश में उल्हासनगर मनपा के पीडब्ल्यूडी विभाग से सेवानिवृत्त लोक सूचना अधिकारी (पीआईओ) अश्विनी आहूजा पर 25,000 रुपए का जुमार्ना लगाया है। 11 जून 2025 का यह आदेश वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्ता सत्यजीत बर्मन द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दायर द्वितीय अपील के जवाब में पारित किया गया। अपील में अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी प्रदान करने में जानबूझकर की गई देरी और गैर-अनुपालन को उजागर किया गया था। मामले की समीक्षा करने के बाद, आयुक्त ने पाया कि अश्विनी आहूजा को अपनी सेवा के दौरान एक नामित पीआईओ के रूप में अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने के कारण आरटीआई प्रावधानों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। परिणामस्वरूप, आरटीआई अधिनियम की धारा 20(1) के तहत अधिकतम जुमार्ना लगाया गया। यदि कोई सूचना अधिकारी बिना किसी उचित कारण के सूचना देने से इनकार करता है, किसी सूचना देने के आवेदन को अस्वीकार करता है, किसी सूचना को जानबूझकर नष्ट करता है तो इसके तहत कार्यवाही की जाती है। इसके तहत 250 रुपए प्रतिदिन की दर से जुमार्ना लगाया जाता है जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रुपए हो सकती है।

# बदलापुर का राशनिंग कार्यालय बदलापुर में ही रहेगा, मुरबाड़ स्थानांतरित नहीं होगा।

**परशुराम आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष आशीष दामले का प्रयास हुआ सफल।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बदलापुर. परशुराम आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष आशीष दामले ने बताया है की बदलापुर का राशन कार्यालय बदलापुर में ही रहेगा उसे मुरबाड़ स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र सरकार ने पूर्व में निर्णय लिया था कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक ही राशन कार्यालय होगा। इसके अनुसार बदलापुर का राशन कार्यालय मुरबाड़ में स्थानांतरित किया जा रहा था जिसका बदलापुर के लोग जोरदार विरोध कर रहे थे।इस संबंध में आशीष दामले ने राज्य सरकार के नागरिक एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल से भेंट कर इस मसले पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री छगन भुजबल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि बदलापुर के राशन कार्यालय को मुरबाड़ में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। आशीष दामले ने कहा अगर राशन कार्यालय को मुरबाड में स्थानांतरित किया जाता है, तो बदलापुर के आम नागरिकों को बहुत असुविधा होगी। कैप्टन आशीष दामले ने हाल ही में राशनिंग का शिविर भी आयोजित करवाया था जिसमें राशनिंग कार्यालय के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं जैसे समय पर राशन न मिलना, एनओसी की समस्या से राशन न मिलना आदि समस्याओं का निराकरण किया गया था। इस शिविर को नागरिकों से भारी समर्थन मिला था। बदलापुर से राशन कार्यालय को स्थानांतरित न किए जाने की खबर से लोगों में खुशी का माहौल फैल गया।

# हमारी पार्टी की शिक्षा है नए कार्यकर्ता, नेता बनाना; हम यही करेंगे - डॉ. जितेंद्र आव्हाड

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक दल के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड की मौजूदगी में आज (23 तारीख) विभिन्न दलों से सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि पार्टी छोड़कर जाने वालों पर ध्यान देने की बजाय हमारी पार्टी की शिक्षा है नए कार्यकताओं की फौज खड़ी करना और उनमें से नेता बनाना। हम यही कर रहे हैं, डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा।यह पार्टी प्रवेश राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के पार्टी कार्यालय में हुआ। इस समय सांसद बाल्यम्मा म्हात्रे, शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, महिला अध्यक्ष सुजाताताई घाग, कलवा-मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष शमीम खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुफ्ती अशरफ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। शामिल होने वाले कार्यकताओं ने कहा कि एमआईएम, कांग्रेस आदि दलों के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले कार्यकर्ता शरद पवार और डॉ. जितेंद्र आव्हाड की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा पर विश्वास करते हुए इस पार्टी में शामिल हुए हैं। डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि वर्तमान में पार्टी के लिए संघर्ष का समय है। इस दौरान भी शमीम खान और मुफ्ती अशरफ की पहल पर सैकड़ों कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए हैं। पार्टी में शामिल हुए ये कार्यकर्ता धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन कर रहे हैं। वर्तमान अस्थिर माहौल में भी लोगों का मानना है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार पार्टी ही न्याय कर सकती है, जो इस पार्टी प्रवेश से साबित हुआ है, ऐसा डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा। कलवा में फूट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम पार्टी छोड़ने वालों पर ध्यान नहीं देते हैं। क्योंकि, हमारा लक्ष्य नए कार्यकर्ता तैयार करना और उनसे नया नेतृत्व तैयार करना है। शिवसेना में बहुत सारे आकांक्षी हैं। वे सभी को उम्मीदवारी का वादा कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे 130 में से 260 नगरसेवक उन्हें विधानसभा में ले जाने वाले हैं। लेकिन, यहां से वहां गए लोगों को उम्मीदवारी का वादा करने से पुराने शिवसैनिक नाराज हैं या नहीं, इससे हमें कोई लेना-देना नहीं है। क्योंकि, हमें दूसरों के घरों में झांकने की आदत नहीं है। सभी कलवाकर देख रहे हैं कि किसकी फोटो पोस्ट से ली गई है, किसकी फोटो पोस्ट की गई है। हमारे लिए इस पर टिप्पणी न करना ही बेहतर है, ऐसा डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा।

## हिंदी विवाद सिर्फ ध्यान भटकाने के लिए है

हिंदी को अनिवार्य करने का फैसला शुरू से ही लिया गया है। यह बिना वजह पैदा किया गया विवाद है। लोगों का ध्यान मूल मुद्दे से भटकाने के लिए हिंदी का मुद्दा उठाया जा रहा है। हालांकि, हिंदी की प्रशंसा करते हुए अंग्रेजी की आलोचना की जा रही है। अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा है। व्यक्ति को कई भाषाएं सीखकर समृद्ध बनना चाहिए। यदि हम अनेक भाषाएँ सीखेंगे तो हमारे लिए विश्व के द्वार खुल जाएँगे। जो कोई भी भाषा सीखना चाहता है, उसे वह भाषा सीखने दी जानी चाहिए; लेकिन, इसके लिए कोई बाध्यता नहीं होनी चाहिए। महाराष्ट्र की धरती की पहचान मराठी है। इसलिए, हम मराठी की बाध्यता समझ सकते हैं। लेकिन, वोटों की खातिर हिंदी को थोपना कठिन है। वोटों के लिए हमारी भाषा के साथ अन्याय क्यों? जब गुजरात, तमिलनाडु, बंगाल, उड़ीसा में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है, तो महाराष्ट्र में यह बाध्यता क्यों है? स्वाभिमानी महाराष्ट्र को कहाँ ले जाया गया? जो खाना चाहता है, वह खाए। जो सीखना चाहता है, वह सीखे। लेकिन, कोई भी चीज जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। इस तरह की बाध्यता केवल विवाद पैदा करने के लिए की जाती है, ऐसा डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा।

## जन शिकायतों का मौके पर समाधान

आप आप भेटीलाइ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार द्वारा कार्यान्वित की जा रही एक अभिनव पहल है। इस पहल का क्रियान्वयन आज पार्टी कार्यालय में किया गया। डॉ. जितेन्द्र आव्हाड ने व्यक्तिगत रूप से शिकायतकताओं से मुलाकात की और 50 से अधिक शिकायतों का समाधान किया।

# शिव मंदिर में सामूहिक सहयोग



- **मऊ ग्रामसभा में भक्तों ने मिलकर बांटा प्रसाद, सद्भावना का दिया संदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, जिले के डीह क्षेत्र स्थित शिव मंदिर में सोमवार को सामूहिक प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मऊ ग्रामसभा में स्थित इस मंदिर में मनीष सिंह, कौशलेंद्र सिंह, रिंकू, पिंकू, संजय और अखिलेश समेत कई लोगों ने मिलकर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। सभी शिव भक्तों ने प्रसाद वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने स्नेहपूर्वक सभी आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। आयोजकों ने बताया कि वे नियमित रूप से इस तरह के सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्भावना और एकता को बढ़ावा देना है। आयोजकों का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से किए गए कार्य समाज में सामंजस्य स्थापित करने में मदद करते हैं। इस तरह के आयोजन से स्थानीय लोगों में एकजुटता की भावना मजबूत होती है।

# घनसोली प्रभाग में अनाधिकृत निर्माण के विरुद्ध मनपा ने की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ,मनपा अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधितों द्वारा संज्ञान न लिए जाने के कारण आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देश पर घनसोली प्रभाग में अनाधिकृत निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की है। नवी मुंबई मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उपायुक्त (अतिक्रमण) डॉ. कैलास गायकवाड़ के मार्गदर्शन में प्रभाग कार्यालय घनसोली शेषनारायण गुप्ता (गृहस्वामी), ओशीलाल गरीब ओसवाल (गृहस्वामी), सोनू भोलेकुमार गुप्ता (डेवलपर) बच्चू चाल, दत्तनगर, घनसोली गांव, नवी मुंबई का आरसीसी ग्राउंड फ्लोर + तीसरी मंजिल का कार्य प्रगति पर था, जिसे नवी मुंबई मनपा से पूर्व अनुमति लिए बिना अवैध रूप से शुरू किया गया था। घनसोली डिवीजन द्वारा महाराष्ट्र क्षेत्रीय नियोजन और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत उक्त अनधिकृत निमार्णों को नोटिस दिया गया था। संबंधितों द्वारा किए गए अनधिकृत निमार्णों को स्वयं ही हटाना आवश्यक था। हालाँकि, उन्होंने उक्त स्थान पर अनधिकृत निर्माण जारी रखा। नवी मुंबई मनपा द्वारा उक्त अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए, इस विध्वंस अभियान के लिए 6 श्रमिकों, 2 ब्रेकर, 1 गैस कटर और 1 जेसीबी को तैनात किया गया। इस कार्रवाई में घनसोली डिवीजन के सहायक आयुक्त और विभागीय अधिकारी उत्तम खरात, सहायक कनिष्ठ अभियंता रोहित ठाकरे के साथ-साथ अन्य अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय पुलिस की एक टीम भी ने हिसा लिया।

# चलती कार में बना लेते थे नकली नोट

## शाहजहांपुर में पैथोलॉजिस्ट समेत तीन गिरफ्तार, लग्जरी गाड़ी से करते थे सप्लाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने नकली नोट में बनाने वाले गैंग के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 4 लाख 61 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। साथ ही नोट बनाने का सामान भी बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया- अब तक 15 लाख रुपए के नकली बनाकर अलग-अलग जिलों में खपा चुके हैं। मुख्य आरोपी ने कोरोना काल में बेरोजगार होने के बाद अपने गुरु से नकली नोट बनाने की ट्रेनिंग ली थी। वह पैथोलॉजिस्ट भी है, साथ ही इससे पहले नकली चांदी का कारोबार कर चुका है। उसने बताया- वह कार के अंदर बैठकर नकली नोट बना लेता है। मामला चौक कोतवाली क्षेत्र का है। लग्जरी कार से करते थे सप्लाई चौक कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरेली हाईवे पर स्थित उमरगंज जाने वाले रास्ते से सोमवार को 3 युवकों को गिरफ्तार किया। इनमें मुरादाबाद का रहने वाला पैथोलॉजिस्ट नफीस, उत्तराखंड के उधमसिंह नगर निवासी पंकज गंगवार और शाहजहांपुर का रहने वाला निखिल मिश्रा शामिल है। ये लोग लग्जरी कार से नकली नोट बनाकर सप्लाई करते थे। पुलिस ने उनके पास से कार भी बरामद की है। नफीस ही इस गैंग का सरगना है। नकली चांदी का करता था काम पैथालॉजिस्ट नफीस ने बताया- मैंने सबसे पहले नकली चांदी का काम किया था, लेकिन वह कारोबार चल नहीं पाया। उसके बाथ पैथोलॉजी लैब की डिग्री ली, लेकिन लैब चली नहीं। फिर कोरोना काल आने के बाद मैं पूरी तरह से बेरोजगार हो गया। इसी बीच मैंने रामपुर में रहने वाले गुरु जाकिर से नकली नोट बनाने की ट्रेनिंग ली थी। अब तक 15 लाख रुपए के नकली नोट खपा चुके नफीस ने बताया- ट्रेनिंग पूरी होने के बाद मुझे नकली नोट बनाना आ गया था। उसके बाद मैंने नकली नोट बनाकर अलग-अलग लोगों से संपर्क किया। उनको कमीशन पर नोट चलाने की जिम्मेदारी दी। मैं पंकज और निखिल को 30 फीसदी कमीशन पर नकली नोट देता था। वो दोनों शाहजहांपुर में किराए पर कमरा लेना चाहते थे।

# नगर निगम को चार जोन में बांटने का विरोध

**सफाई कर्मचारियों ने गांधी भवन में की बैठक, कहा- भ्रष्टाचार बढ़ेगा और काम ठप होगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने गांधी भवन में बैठक कर नगर निगम को चार जोन में बांटने का विरोध किया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि 13 जून को प्रकाशित विज्ञप्ति में नगर निगम को चार जोन में बांटकर ठेका देने की बात कही गई है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से उनका आर्थिक, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न होगा। साथ ही नगर निगम में भ्रष्टाचार बढ़ेगा। कर्मचारियों और ठेकेदारों के बीच रोजाना विवाद की स्थिति बनेगी। इससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी। मोर्चा ने डीएम से मांग की है कि चार जोन वाली विज्ञप्ति को निरस्त किया जाए। सफाई व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रखी जाए। प्रशासन ने उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

# भगवान चित्रगुप्त के अपमान पर विरोध

**मिर्जापुर में केएसपी ट्रस्ट ने कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का पुतला फूंका, मंदिर में माफी मांगने की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर केएसपी. ट्रस्ट के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। रमई पट्टी तिराहे पर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी के साथ प्रदीप मिश्रा का पुतला दहन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदीप मिश्रा सनातन धर्म और देवी-देवताओं के प्रति जानबूझकर अमर्यादित वक्तव्य दे रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह धर्म और आस्था पर सुनियोजित आघात है। श्रीवास्तव ने कानूनी कार्रवाई की मांग भी की। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले प्रदीप मिश्रा ने राधारानी के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्हें राधारानी मंदिर में जाकर माफी मांगनी पड़ी थी। जयपुर में भी विवादास्पद बयान के कारण उनकी कथा रोकी गई थी। के.एस.पी. ट्रस्ट ने मांग की है कि प्रदीप मिश्रा को देश के किसी भी भगवान चित्रगुप्त मंदिर में जाकर क्षमा याचना करनी चाहिए। ट्रस्ट ने चेतावनी दी है कि माफी न मांगने पर विरोध जारी रहेगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विरोध प्रदर्शन में ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे। जिनमें सुशील श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव समेत अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

- **भाजपा नेताओं ने कहा- उनके सिद्धांतों का पालन ही सच्ची श्रद्धांजलि**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र राय ने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग और सिद्धांतों का अनुसरण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक और संविधान सभा के सदस्य थे। उन्होंने कश्मीर में 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा दिया। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। अगस्त 1952 में जम्मू की रैली में डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि या तो वह भारतीय संविधान देंगे या इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर देंगे। कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल और मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण उर्फ विनीत सिंह ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जगदीश पटेल, विपुल सिंह, निर्मला राय, संजय भाई पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, रविशंकर पांडेय और ज्ञान प्रकाश दूबे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# मुंबई से प्रयागराज तक फैला हुआ था फर्जी निवेश का जाल, 18% तक ब्याज का लालच देकर यूं करोड़ों की ठगी

**मुंबई पुलिस ने प्रिंटिंग पेपर कंपनी की आड़ में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर शिकंजा कसा है। आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध का मामला दर्ज किया गया है और एक्ट लगाने की तैयारी है, जिसके तहत संपत्तियां कुर्क की जा सकती हैं। यह जाल यूपी तक फैला है।**





**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई : प्रिंटिंग पेपर कंपनी की आड़ में देश के अलग-अलग हिस्सों में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर मुंबई पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस गिरोह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के तहत संगठित अपराध का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, इस गिरोह पर अब महाराष्ट्र प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट ऑफ डिपॉजिटर्स एक्ट, 1999 लगाने की तैयारी है। इस कानून के तहत आरोपी की संपत्तियां कुर्क की जा सकती हैं। पहले से दर्ज हैं कई मामलेमामले में प्रमुख आरोपी दीपक जैन, अंकित जैन और हेतुल रांका हैं। इनके खिलाफ पहले भी ठगी के 2 मामले एलटी मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज हैं, जबकि गोरेगांव पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर और पांच गैर-संज्ञेय (एनसी) शिकायतें दर्ज की गई हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हालांकि यह मामला 10 करोड़ रुपये से अधिक का है, फिर भी इसे आर्थिक अपराध शाखा को ट्रांसफर नहीं किया गया है, क्योंकि मामले में पीड़ितों के साथ मारपीट की गई थी और धमकियां भी दी गई थी। क्या थी ठगी की 'मोड्स ऑपरेंडी'गिरफ्त में आई कंपनी 'एजे इंटरप्राइजेज' ने खुद को एक प्रिंटिंग पेपर बिजनेस के रूप में रजिस्टर कराया था।

# मुंबई में बारिश से झीलों में पानी का टूटा रेकॉर्ड, इस हफ्ते भी बरसेंगे जमकर बादल

**मुंबई में जून के महीने में औसत बारिश का लगभग 80% पानी बरस चुका है, जिससे झीलों में पानी का स्तर पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा 26% तक पहुँच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, साथ ही मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई : जून का महीना खत्म होने में अभी एक हफ्ता बाकी है, लेकिन मुंबई में इस महीने की औसत बारिश का लगभग 80% पानी बरस चुका है। कटऊ (भारत मौसम विज्ञान विभाग) के सांताक्रूज वेधशाला ने अब तक 425.2 मिमी बारिश दर्ज की है। यह जून के महीने की औसत बारिश 537.1 मिमी का 79.1% है। कोलाबा वेधशाला ने 477.8 मिमी बारिश दर्ज की है। यह जून के महीने की औसत बारिश 542.3 मिमी का 88% है।कोलाबा में इस जून में ज्यादा बारिश हुई है। इसकी वजह है कि यहां कई दिनों तक बहुत तेज बारिश हुई। महीने की शुरूआत में बारिश कम हुई थी। लेकिन 15-16 जून को यहां 100.4 मिमी बारिश हुई। इसके बाद 18-19 जून को भी लगातार बारिश हुई। कोलाबा में एक ही दिन में 142.6 मिमी बारिश हुई। यह पिछले सात सालों में 24 घंटे में हुई दूसरी सबसे ज्यादा बारिश है। इस हफ्ते येलो अलर्टमौसम विभाग ने मुंबई में सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को कुछ जगहों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि और बारिश होने की संभावना है। इससे शहर में इस महीने की औसत बारिश का आंकड़ा और बढ़ सकता है। बुधवार को हल्की बारिश होने की उम्मीद है। ठाणे, पालघर और रायगढ़ में भी अलर्टपड़ोसी जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है। कटऊ ने ठाणे और पालघर के लिए सोमवार से गुरुवार तक येलो अलर्ट जारी किया है। रायगढ़ के लिए सोमवार और गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसका मतलब है कि कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मंगलवार और बुधवार को येलो अलर्ट रहेगा। मछुआरों के लिए चेतावनीमछुआरों को गुरुवार तक महाराष्ट्र-गोवा तट पर समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। उत्तरी महाराष्ट्र तट पर 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है, जो 60 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। इसे स्क्वैली वेदर कहा जाता है झीलों में 26 फीसदी पानीठाणे और पालघर में लगातार बारिश हो रही है। इससे मुंबई को पानी सप्लाई करने वाली झीलों में पानी का स्तर भी बढ़ गया है। अभी झीलों में 26% पानी है। यह पिछले तीन सालों में इस तारीख तक सबसे ज्यादा है। 22 जून, 2024 को झीलों में सिर्फ 5.3% पानी था। उससे एक साल पहले 7.1% पानी था। ज्यादातर झीलें ठाणे जिले और पालघर में हैं। सिर्फ दो सबसे छोटी झीलें, तुलसी और विहार, मुंबई शहर की सीमा के

फास्ट ट्रैक

# धारावी में किसी भी नागरिक के साथ नहीं होगी नाइंसाफी, सर्वे में अब पात्रता साबित करने को मिलेंगे 4 मौके

**धारावी पुनर्विकास परियोजना ने निवासियों की शिकायतों के निवारण के लिए चार-स्तरीय प्रणाली स्थापित की है, जो उन्हें अपनी बात रखने के चार अवसर प्रदान करेगी। सर्वे रिपोर्ट में नाम न होने पर नागरिकों की शंकाओं को दूर करने के लिए सिंगल-विंडो सिस्टम बनाया गया है।**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई : धारावी में रहने वाले हर नागरिक की शिकायत को दूर करने के लिए धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट ने 4 स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया है। इसके तहत नागरिकों को अपना पक्ष रखने के 4 अवसर प्रदान किए जाएंगे। प्रोजेक्ट के तहत धारावी में रहने वाले परिवारों की पात्रता तय करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। नागरिकों की पात्रता तय करने वाली वाली सर्वे रिपोर्ट (एनेक्सचर-2) तैयार की जा रही है। ऐसे में सर्वे रिपोर्ट में अपना नाम ना पाकर कुछ लोग नाखुश भी हो सकते हैं, इसलिए यह तंत्र स्थापति किया गया है।बिना भाग-दौड़ के ही दूर होंगी शंकाएंडीआरपी के सीईओ एसव्हीआर श्रीनिवास के अनुसार, धारावी में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को योजना का लाभ मिल सके, इसे ध्यान में रखते हुए काम किया जा रहा है। यदि किसी नागरिक को लगता है कि उसे गलत तरीके से एनेक्सचर-2 से बाहर रखा गया है या सर्वे के दौरान कोई त्रुटि हुई है, तो ऐसे नागरिकों की चिंताओं को निष्पक्ष रूप से सुनने और हर खामी को दूर करने के लिए सिंगल-विंडो शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना की गई है। इसके जरिए नागरिक बिना भाग-दौड़ किए अपनी शंकाओं को दूर कर सकते हैं।पहली मंजिल के स्लम पुनर्वसन पर मिल रहा सिर्फ ह्यआश्वासनह्नउपनगर में बसे स्लम में पहली मंजिल के लोगों को स्लम पुनर्वसन के तहत पात्र करने का आश्वासन पिछले 2 सालों से दिया जा रहा है। पिछले दिनों उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मुद्दा फिर उठा, जिस पर उन्होंने तत्काल इस पर फैसला लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।दरअसल, 2 साल पहले तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा इस संदर्भ में विधानभवन में सकारात्मक निर्देश दिया गया था। बैठकों का दौर भी चला, लेकिन अंतिम आदेश जारी नहीं हुआ। एक सूत्र ने बताया, अगले कुछ सप्ताह में इस संदर्भ में शासनादेश जारी हो सकता है। पहली मंजिल वालों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देने का प्रावधान किया जा सकता है। इसके लिए उन्हें 2.5 लाख रुपये देने का भी फैसला हो सकता है।धारावी के बाद जगी आसहाल ही में धारावी पुनर्विकास में पहली मंजिल के स्लम को भी पुनर्वसन में शामिल करने का फैसला लिया गया है। धारावी में वर्ष- 2000 से पहले रहने वाले परिवारों को सरकार की तरफ से 350 वर्ग फीट घर मुफ्त में धारावी में ही उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, 2000 से 2011 के बीच धारावी में बसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.5 लाख रुपये के शुल्क के साथ धारावी के बाहर 300 वर्ग फीट का घर उपलब्ध कराया जाएगा। 2011 से 15 नवंबर 2022 के बीच धारावी में बसे परिवारों को रेंटल हाउसिंग योजना के तहत धारावी के बाहर 300 वर्ग फीट का किराए का घर उपलब्ध कराया जाएगा और एक तय अवधि के बाद किरायेदार ही घर का मालिक होगा।

# सहकारी चीनी मिल चुनाव के जरिए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2029 की तैयारी में जुटे अजित पवार, समझिए रणनीति

**महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती में नई हलचल देखने को मिल रही है। अजित पवार मालेगांव सहकारी चीनी मिल के चुनाव में जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। वह नीलकंठेश्वर पैनल के उम्मीदवार हैं और 40 साल बाद सहकारी चुनाव में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इसे 2029 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई : महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों बारामती में हलचल है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार, मालेगांव सहकारी चीनी मिल के चुनाव में जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। वह अपनी 'नीलकंठेश्वर पैनल' के साथ सभी 21 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। अजित पवार खुद अध्यक्ष पद के लिए मैदान में हैं। अजित पवार लगभग 40 साल बाद किसी सहकारी चीनी मिल के चुनाव में भाग ले रहे हैं। यह सब अजित पवार की 2029 विधानसभा चुनाव की तैयारियां के रूप में देखा जा रहा है।महाराष्ट्र विधानसभा 2029 चुनाव की झलकइस चुनाव को सिर्फ एक सहकारी चुनाव नहीं माना जा रहा है। इसे महाराष्ट्र के 2029 के विधानसभा चुनावों की झलक के रूप में देखा जा रहा है। अजित पवार के पैनल का मुकाबला बीजेपी के चंद्रराव तावरे के 'सहकार बचाओ शेतकरी पैनल' से है।गैर-राजनीतिक चुनाव सिर्फ कहने कोबीजेपी और अजित पवार की पार्टी सहयोगी हैं। फिर भी, बीजेपी ने तावरे को चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है। उसने इस चुनाव में पवार का पूरी तरह से समर्थन भी नहीं किया है। तावरे का कहना है कि यह चुनाव गैर-राजनीतिक है। यह सिर्फ किसानों के हितों के लिए है। लेकिन बारामती के आसपास के लोग इसे अलग तरह से देख रहे हैं। क्या है शुगर मिल का राजनीतिक समीकरणएनसीपी के एक कार्यकर्ता ने कहा, 'यह एकमात्र चीनी मिल है जो बारामती में है। इसमें लगभग 19,600 मतदाता हैं। अगर आप उनके परिवार के सदस्यों को गिनें तो यह संख्या एक लाख से अधिक हो जाती है। यह सहकारी संस्था लेकर तक कई शैक्षणिक संस्थान चलाती है। अगर आप इसमें पढ़ने वाले छात्रों और उनके परिवारों को गिनें, तो यह चीनी मिल बारामती में कई लाख लोगों को सीधे प्रभावित करती है। तावरे बीजेपी में हैं, इसलिए दादा नहीं चाहते कि बीजेपी का कोई सदस्य किसी ऐसी चीनी सहकारी संस्था को नियंत्रित करे जो भविष्य में बारामती की राजनीति को प्रभावित कर सके।'भविष्य देख रहे अजित पवारयहां 'भविष्य' का मतलब 2029 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से है।

# कॉलेज एग्जाम में फेल हुई बेटी, टीचर पिता को फील हुई इंसल्ट, पीटकर मार डाला, महाराष्ट्र पुलिस ने किया अरेस्ट

**महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक शिक्षक ने अपनी 17 वर्षीय बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी, क्योंकि वह परीक्षा में फेल हो गई थी। आरोपी पिता को इस बात से अपमानित महसूस हो रहा था कि लोग उसका मजाक उड़ाएंगे। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सांगली : महाराष्ट्र के सांगली से एक हिला देने वाली खबर सामने आई है। यहां के आतपाडी तहसील के नेलकरंजी गांव में एक पिता ने अपनी ही बेटी का कत्ल कर दिया। हैरान कर देने वाली बात यह है कि 48 साल के धोंडीराम भोसले ने अपनी बेटी को सिर्फ इसलिए मार डाला क्योंकि वह एग्जाम में फेल हो गई थी। पेशे से टीचर धोडीराम को इस बात से अपमानित महसूस कर रहा था कि लोग उसका मजाक उड़ाएंगे कि वह खुद टीचर है और उसकी बेटी फेल हो गई। पुलिस में धोंडीराम की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई गई शिकायत पर केस दर्ज किया। शिकायत में उन्होंने बताया कि धोंडीराम ने उनकी 17 साल की बेटी को कॉलेज की परीक्षा में फेल होने पर पीटा था।

### इस धाराओं में केस दर्ज

पुलिस ने इस मामले में इठर की धारा 103(1) और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, धोंडीराम ने शुक्रवार रात अपनी बेटी को लकड़ी की छड़ी से बुरी तरह पीटा था। उसे मार डालने की धमकी दी। हालांकि धोंडीराम की पत्नी बेटी को छुड़ाकर अस्पताल ले गई।अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज किया। आरोपी धोंडीराम को आतपाडी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 23 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### पोस्टमॉर्टम में मिलीं गंभीर चोटें

जांच कर रहे इंस्पेक्टर विनय बहिर ने कहा कि हमने रविवार को मामला दर्ज किया। बेटी को बहुत बुरी तरह पीटा गया था। पोस्टमार्टम किया गया, जिससे पता चला कि गंभीर रूप से हमला किया गया था। सांगली पुलिस के बड़े अधिकारियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया।

### एक बेटा और बेटी और

गांव के लोगों के अनुसार, धोंडीराम का एक बड़ा बेटा और एक छोटी बेटी भी है। पुलिस ने कहा कि वे मां की शिकायत के आधार पर जांच करेंगे और अपराध के अन्य कारणों का भी पता लगाएंगे। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल सामने आया है कि धोंडीराम बेटी के फेल होने के कारण अपमानित महसूस कर रहा था। उसकी बेटी पढ़ती नहीं थी जिसके कारण वह अकसर उसे पीटता था।

# गणेशोत्सव के लिए कोंकण

**गणेशोत्सव के लिए कोंकण जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। गणेशोत्सव के लिए रिजर्वेशन सोमवार से शुरू हो जाएगा। इस साल गणेश जी का आगमन बुधवार, 27 अगस्त को होगा। बप्पा के आगमन से पहले शुक्रवार-शनिवार-रविवार क्रमशः 22, 23 और 24 अगस्त हैं।**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबईः गणेशोत्सव के लिए कोंकण जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। गणेशोत्सव के लिए रिजर्वेशन सोमवार से शुरू हो जाएगा। इस साल गणेश जी का आगमन बुधवार, 27 अगस्त को होगा। आगमन से पहले शुक्रवार-शनिवार-रविवार क्रमशः 22, 23 और 24 अगस्त हैं। इन दिनों रेल यात्रा के लिए आरक्षण सोमवार यानी 23 जून से शुरू होगा। रेल को तवज्जोग्रेटर मुंबई के लाखों लोग गणेशोत्सव के लिए कोंकण में अपने पैतृक गांवों में जाते हैं। त्योहार के अवसर पर अतिरिक्त एसटी और निजी एसटी चलाए जाते हैं। सड़क मार्ग की तुलना में कोंकण में रेल यात्रा आरामदायक, सस्ती और तेज है। इस कारण कोंकण के लोग रेल यात्रा को प्राथमिकता देते हैं। रिजर्वेशन का दिन अहमटिकट बुक करते समय शुरूआती स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान के दिन पर विचार किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के स्टेशनों से उत्तर और दक्षिण भारत से रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए आरक्षण एक दिन पहले करवाना होगा। तारीख यदि आप 26 अगस्त 2025 को कल्याण से खेड़/ चिपलून/ कंकावली की यात्रा करना चाहते हैं, तो आरक्षण 26 जून, 2025 को शुरू होगा। इसी तरह यदि आप 3 सितंबर, 2025 को कुडाल/ रत्नागिरी/ संगमेश्वर/चिपलून/खेड़ से पनवेल/कल्याण/मुंबई की यात्रा करना चाहते हैं, तो आरक्षण 4 जुलाई, 2025 को शुरू होगा।समय पर ध्यान देंरात 12 बजे के बाद दिन बदल जाता है। इसलिए आधी रात की ट्रेनों के लिए आपको अगले दिन का टिकट खरीदना चाहिए।

# 48 घंटे में ट्रेन में हुई चोरी का पदार्फाश - 35.45 लाख का समस्त सामान बरामद एवं आरोपी गिरफ्तार

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

जबलपुर। रेलवे सुरक्षा बल (RPF), सरकारी रेल पुलिस (GRP) तथा स्थानीय अपराध शाखा (LCB) द्वारा चलाए गए एक तीव्र व संगठित अभियान में 48 घंटों के भीतर हीरों-सोने के आभूषण व नकदी की कुल ? 35.45 लाख की बड़ी चोरी का पदार्फाश कर लिया गया। घटना 20 जून 2025 को गाड़ी संख्या 22944 इंदौरझ्रदौंड एक्सप्रेस के अ-2 कोच में हुई, जब इंदौर निवासी 73-वर्षीय महिला यात्री ने कल्याण स्टेशन के समीप प्रातः जागने पर अपना हैंडबैग गायब पाया। बैग में हीरे की चूड़ियाँ, हार, अंगूठियाँ, सोने की घड़ी-चेन तथा 50,000 नकद सहित लगभग 40 लाख मूल्य की संपत्ति थी। सूचना मिलते ही पीड़िता ने हेल्पलाइन 139 पर कॉल की और GRP लोनावला में प्राथमिकी दर्ज करायी गई। GRP-RPF की संयुक्त टीमों ने इंदौर से दौंड तक ट्रेन मार्ग के 18 प्रमुख स्टेशनों के CCTV फुटेज खंगाले। जाँच में पाया गया कि एक संदिग्ध व्यक्ति कल्याण स्टेशन पर उतरा, किंतु समय रहते बाहर न निकल कर कैमरों से बचने का प्रयास कर रहा था। गहन निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी महेश अरुण घाग उर्फ.विश्वास (निवासी चेंबूर, मुंबई) को चिन्हित कर उसके ठिकाने पर छापा मारा गया। छापे में समस्त चोरी का माल सुरक्षित बरामद कर इसे पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया। अपराधी पूर्व में भी चोरी के मामलों में लिप्त रहा है तथा हाल ही में जमानत पर था। त्वरित कार्रवाई GRP-RPF के सुचिंतित समन्वय की देन है, जिससे यात्रियों का विश्वास और मजबूत हुआ है।यात्री-सुरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान सतर्क रहें, सामान अपने पास सुरक्षित रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत निकटतम रेलवे कर्मचारी या हेल्पलाइन 139 पर दें।

**पश्चिम रेलवे**

**एलबीएच कोच**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2025-26/12** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : एलएचबी कोच अंडर फ्रेम फ्रंट पार्ट असेम्बली और सम्बद्ध कार्यों के प्रतिस्थापन के कार्य हेतु विद्युत – उप-आकलन. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 68,85,849.60. **ईएमडी** : रु. 1,37,700/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 10.07.2025 को 12.00 बजे तक. **निविदा का खुलना** : 10.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0303

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**टीआरडी कार्य**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सब.), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी (ईएसओटी)/5/2025 (आरटी-2)** आमंत्रित की जाती **है. कार्य का नाम** : चर्चगेट – विरार अनुभाग में ओएचई के क्षतिग्रस्त कॉपर क्रॉस फीडर्स के प्रतिस्थापन के जरिए टीआरडी सिस्टम की विश्वसनीयता सुधार का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 59,26,841/-. **बोली सुरक्षा** : रु. 1,18,500/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 21.07.2025 को अधिकतम 15.00 बजे तक, निर्धारित स्वरूप में. **खुलने की तिथि एवं समय** : **21.07.2025** को 15.30 बजे. **वेबसाइट विवरण** : निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी और जमा की जा सकती है. 0302

Like us on : facebook.com/WesternRly

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

**अधिसूचना**

**जगजीवनराम अस्पताल में दि. 02.07.2025 को वरि. रेजिडेंट के पद हेतु**

**स्थान** : 7वीं मंजिल, ऑडिटोरियम, जगजीवनराम अस्पताल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008.
**पंजीकरण समय** : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, कक्ष क्रमांक 22, तल मंजिल, स्थापना कार्यालय, जगजीवनराम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल.

निर्धारित समय के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.
विभागवार रिक्तियां :

| अ. क्र. | विभाग | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 01 | सीवीटीएस मेडिसिन | 02 |
| 02 | सीवीटीएस सर्जरी | 02 |
| 03 | सीवीटीएस अनेस्थेसिया | 03 |
| 04 | जनरल अनेस्थेसिया | 01 |
| 05 | जनरल सर्जरी | 01 |
| 06 | ओबीजीवाई | 01 |
| | कुल | 10 |

**आरक्षण : अनारक्षित - 03, अनुसूचित जाति - 02, अनुसूचित जनजाति - शून्य, ओबीसी - 04, ईडब्ल्यूएस - 01 कुल रिक्तियां : 10**

- आयु सीमा : अधिसूचना की तिथि को अधिकतम 45 वर्ष.
- मान्यताप्राप्त राज्य/केंद्र सरकार से, संबंधित स्पेशलिटी में स्नातकोत्तर डिग्री / एमडी-डीएनबी या डिप्लोमा
- वेतन : लगभग रु.1,35,000/- प्रति माह

**टिप्पणी** : यदि वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवार उपस्थित होते हैं, तो साक्षात्कार की प्रक्रिया अगले कार्य दिवस पर भी जारी रह सकती है.
चयन वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा.
वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ सत्यापित प्रतियों को क्रमबद्ध करके स्टेपल कर लाना और प्रस्तुत करना अनिवार्य है.
वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए कोई अन्य सूचना अलग से नहीं दी जाएगी.
एससी / एसटी एवं ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र, केंद्र सरकार के प्रपत्र में होने चाहिए, तथा ओबीसी एनसीएल प्रमाणपत्र जून 2025 तक अद्यतित होना चाहिए.
ऊपर दर्शाई गई रिक्तियां, परिवर्तनीय हैं, तथा रेलवे प्रशासन के विवेकानुसार कुछ पद रिक्त रखे जा सकते हैं.
अगला वॉक-इन-इंटरव्यू प्रत्येक माह के 3रे गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जब तक कि सभी अधिसूचित रिक्तियां भरी नहीं जातीं.
दो पासपोर्ट आकार के नवीनतम रंगीन फोटो अवश्य लाएं.
जगजीवनराम अस्पताल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 के वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर के पद को डीएमईआर महाराष्ट्र सरकार की स्नातक / स्नातकोत्तर सेवा बंधन (बॉन्ड) हेतु मान्यता प्राप्त है.
अधिक जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट : wr.indianrailways.gov.in के न्यूज और रिक्रूटमेंट सेक्शन अंतर्गत अवलोकन करें.

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in

0295

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: twitter.com/WesternRly

# महाप्रबंधक ने मध्य रेल के अधिकारियों के साथ पुणे में, पुणे और सोलापुर मंडलों के माननीय सांसदों के साथ बैठक की

**श्री धर्मवीर मीना, महाप्रबंधक, मध्य रेल ने पुणे और सोलापुर मंडलों के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ दिनांक 23.06.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पुणे के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुणे और सोलापुर के माननीय सांसदों के साथ बैठक की।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

माननीय संसद सदस्य श्रीमती सुप्रिया सुले (बारामती), श्री श्रीरंग अप्पा बारणे (मावल), श्री ओमप्रकाश भूपालसिंग राजेनिम्बलकर (धाराशिव), श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटिल (माढ़ा), डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे (शिरूर), श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिर्डी), श्री नीलेश ज्ञानदेव लंके (अहमदनगर), श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटिल (सांगली), श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल (बीड), श्री नितिन लक्ष्मणराव जाधव पाटिल (सतारा), श्री शिवाजी बंडप्पा कल्गे (लातूर), श्रीमती माया नारोलिया (होशंगाबाद) और श्रीमती मेधा कुलकर्णी (राज्यसभा पुणे) ने बैठक में भाग लिया।

### श्रीमती सुप्रिया सुले को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया।

इससे पहले महाप्रबंधक ने माननीय सांसदों का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में श्री मीना ने परियोजनाओं को पूरा करने में उनके सहयोग और प्रेरणा की सराहना की और आगे कहा कि उनके मार्गदर्शन में सम्मानित यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। श्री मीना ने मध्य रेल की उपलब्धियों के अलावा प्रतिष्ठित जी.बी. पंत शील्ड और प्रथम और द्वितीय नवाचार पुरस्कारों के रूप में प्राप्त मान्यता पर भी प्रकाश डाला।

### मध्य रेल के उप महाप्रबंधक श्री के.के. मिश्रा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

पुणे के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश कुमार वर्मा और सोलापुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री सुजीत मिश्रा ने क्रमशः पुणे और सोलापुर मंडल की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं।माननीय सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न माँगों को उठाया और यात्रियों के लिए समग्र सुधार के लिए रेलवे द्वारा विभिन्न योजनाओं और अमृत भारत स्टेशन योजना, वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस और विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्री सुविधा में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना की। माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया तथा समग्र सुधार एवं यात्री सुविधा में वृद्धि के लिए उनके सुझावों को शामिल करने का आश्वासन दिया गया।

# ईरान संघर्ष के बीच कई कंपनियों ने रोकी भर्ती, जा सकती है लाखों लोगों की नौकरी

**सर्वे के मुताबिक, 63 प्रतिशत कंपनियों ने कहा है कि या तो उन्होंने भर्ती रोक दी है या वे टीमों का आकार घटा रही हैं। 21 प्रतिशत से अधिक ने कहा कि कार्यभार का दबाव और परियोजना समयसीमा में वृद्धि हुई है, जबकि 22 प्रतिशत ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार या यात्रा बाधित हुई है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई। पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के चलते कई भारतीय कंपनियों ने कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगा दी है। स्टाफिंग सॉल्यूशंस और एचआर सेवा प्रदाता जीनियस कंसल्टेंट्स द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक, 63 प्रतिशत कंपनियों ने कहा है कि या तो उन्होंने भर्ती रोक दी है या वे टीमों का आकार घटा रही हैं। वहीं 15 प्रतिशत कंपनियां अनुबंध आधारित और फ्रीलांस कर्मचारियों को रखने पर विचार कर रही हैं। यह रिपोर्ट 12 मई से छह जून के दौरान देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के 2,006 कर्मचारियों के बीच एक ऑनलाइन सर्वे पर आधारित है। सर्वे में शामिल 36 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक अस्थिरता के मद्देनजर उनकी वेतन वृद्धि, बोनस या मूल्यांकन प्रभावित हुए हैं। 21 प्रतिशत से अधिक ने कहा कि कार्यभार का दबाव और परियोजना समयसीमा में वृद्धि हुई है, जबकि 22 प्रतिशत ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार या यात्रा बाधित हुई है। 21 प्रतिशत ने कहा कि टीम का मनोबल और नौकरी को लेकर आत्मविश्वास कम हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि 30 प्रतिशत कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि वे बेहद चिंतित हैं और पहले से ही चेतावनी के शुरूआती संकेत देख रहे हैं, जबकि 26 प्रतिशत ने खुद को थोड़ा चिंतित बताया। कंपनी के प्रबंध निदेशक आरपी यादव ने कहा, 'यह सर्वे हमारे वर्तमान समय का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब है। नियोक्ता को पारदर्शी और अनुकूल बने रहना चाहिए जबकि कर्मचारियों को आगे की राह के लिए लचीला, चुस्त और तैयार रहना चाहिए।'

## संक्षेप

### संजय गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस-कार्यालय पर श्रद्धांजलि का आयोजन

**सुलतानपुर में कार्यकताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन**

सुलतानपुर, जिला और शहर कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस कार्यालय पर संजय गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने संजय गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी ने संजय गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि संजय गांधी गांधी-नेहरू परिवार की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी थे। वे बचपन से ही संघर्षशील रहे और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, रियाज अहमद, सुनील सिंह चौहान, हामिद राईनी, मोहित तिवारी, अवधेश गौतम, गुड्डू जायसवाल, बजरंग रावत, संतोष तिवारी, शहबाज खान, शीतला प्रसाद शाहू समेत कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### करंट से युवक की मौत

**स्विच ऑन करते समय लगा करंट, चाऊमीन का ठेला लगाते थे**

सुलतानपुर, दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर में सोमवार को एक घटना सामने आई। 36 वर्षीय बबलू जायसवाल की बिजली का स्विच दबाते समय करंट लगने से मौत हो गई। बबलू अपने घर में स्विच ऑन करने गए थे। स्विच दबाते ही उन्हें करंट लग गया और वे बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत बबलू को बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव बबलू तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। वे एक चाऊमीन का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और पांच बेटियां हैं। गोशैसिंहपुर में ठेला लगाकर वे अपने परिवार की जीविका चलाते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है। दोस्तपुर थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अमृत सरोवर योजना का लक्ष्य अधूरा

**सुल्तानपुर में तालाब सूखे, प्रशासनिक उदासीनता से जल संरक्षण योजना फेल**

सुलतानपुर, जिले की बल्दीराय तहसील में अमृत सरोवर योजना की स्थिति निराशाजनक है। बिसावा के सरोवरों में पानी नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण करना है। सरोवरों में पानी न होने की वजह से पशु-पक्षियों को पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है। शैलेन्द्र प्रताप सिंह, राम भारत और राम सुरेश तिवारी ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। मनोज कुमार मिश्र, ओमप्रकाश तिवारी और सुरेंद्र सिंह ने भी शिकायत की है।

# लूटपाट करने वाले 6 बदमाश गिरफ्तार

**चोरी की बाइक से वारदात को देते थे अंजाम, 6 मोटरसाइकिल और 5 फोन बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, पुलिस वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गए बदमाश चोरी की बाइक से लूट और छिनैती भी करते थे। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ उनकी निशानदेही पर चोरी की 6 बाइकें और पांच महंगे मोबाइल बरामद किया है। पूछताछ में बदमाशों ने कबूल किया कि वह तीन साल से बाइकों की चोरी कर उन्हें सस्ते दामों में बेच रहे थे। यूपी के कई जिलों के साथ ही एमपी के रीवां समेत अन्य जिलों में चोरी की गाड़ियां बेची हैं। प्रयागराज शहर और यमुनापार इलाके में हाल के दिनों में गाड़ियों की चोरी वारदातें बढ़ी हैं। एसपीपी कौंधियारा विवेक यादव के मुताबिक, घूरपुर पुलिस टीम ने मुखबिर के जरिये चोरी की बाइक खरीदने को जाल बिछाया। इसके बाद बच्चा नामक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में वह टूट गया और उसने चोरी की एक बाइक अपने रिश्तेदार के घर से बरामद कराई। फिर साथियों के नाम सामने आ गए। एक एक कर पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ लिया। निशानदेही पर बाइकें और मोबाइल बरामद हुए। चोरी के कई और सामान के बारे में पता चला है। एसपीपी के मुताबिक, पकड़े युवक पढ़े लिखे नहीं हैं।

वह अपना खर्च चलाने के लिए चोरियां और छिनैती करते थे। पकड़े गए बदमाशों की पहचान बच्चा पुत्र भीम निवासी ग्राम सेमरा कलबना थाना घूरपुर, मम्मा पुत्र बीरू निवासी घूरपुर, राज पुत्र सुनील निवासी सेमरा कलबना, रोशन लाल पुत्र केश कुमार निवासी घूरपुर और आर्यन पुत्र विजय निवासी कलबना है

# मोबाइल पर बोली मेरा कोई नहीं और कूद गई

**नए यमुना पुल से कूदी, नाविकों ने बचाई जान, परिवार बोला– बेटी बीमार चल रही थी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नए यमुना ब्रिज से यमुना में छलांग लगाने वाली दसवीं की छात्रा सलोनी पुत्री गुलशन शनिवार को नैनी के अरैल अपनी मौसी सविता के घर घूमने आई हुई थी। वह छत पर फोन पर किसी से बात कर रही थी। उस दौरान उसका फोन पर ही झगड़ा हुआ और वह मौसी को बिना बताए घर से निकल आई। वह नए पुल पर पहुंची और थोड़ी देर तक टहलती रही। कुछ लोगों ने शक होने पर उससे पूछा कि कहा कि रहने वाली हो। छात्रा ने कहा मेरा कोई नहीं है और पुल से नदी में छलांग लगा दी। छात्रा के पुल से कूदते ही नीचे थे नाविकों ने तत्काल पानी में कूदकर उसे बाहर निकला और 112 को सूचना कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घरवालों को सूचना दी। जिसके बाद घरवाले अरैल पहुंच गए। उधर छात्रा की मौसी और अन्य रिश्तेदार भी पहुंच गए। पुलिस ने छात्रा को एम्बुलेंस से सीएचसी चाका पहुंचाया जहां अब वह सुरक्षित है। मां सुमन ने बताया कि कुछ दिनों से वह बीमार चल रही है। वह अपनी मौसी के घर घूमने आई थी। अचानक से कब पुल पर पहुंची किसी को नहीं पता। मौसी सविता ने बताया कि रात में सभी लोग खाना खाने के लिए बुला रहे थे। रात में खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए थे। दोपहर बाद वह छत पर किसी से फोन ओर बात कर रही थी। बात करते हुए कब घर से निकल गई किसी को कोई जानकारी नहीं। कुछ देर के बाद जब घर में नहीं दिखी तो खोजबीन की गई। जिसके बाद सूचना मिली कि पुल से कूद गई है।

## अवैध गतिविधियों का अड्डा बना होटल



**बिना पंजीकरण चल रहे होटल को प्रशासन ने किया सीज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में सीओ आफिस के पास स्थित होटल संकल्प को प्रशासन ने सीज कर दिया है। होटल का संचालन कृष्णानंद पांडेय द्वारा किया जा रहा था। होटल में कई अवैध गतिविधियां चल रही थीं। कुछ दिन पहले पुलिस ने छापेमारी में होटल से कई जोड़ों को पकड़ा था। जांच में पता चला कि एक नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी भी इस होटल में आया जाया करते थे। पुलिस जब जानकारी लेने पहुंची तो होटल के रजिस्टर में कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। होटल संचालक ने सराय एक्ट के तहत होटल का पंजीकरण भी नहीं करवाया था। डीएम संजय चौहान के निर्देश पर एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सीओ भी मौजूद रहे। होटल का मालिक कृष्णानंद पांडेय वार्ड नंबर 19 रग्घूपुर का रहने वाला है। उसके पिता का नाम त्रिभुवन नाथ पांडेय है। प्रशासन ने कानूनी प्रक्रिया के तहत होटल को सीज कर दिया है।

## लम्भुआ कोतवाली पर किसानों का प्रदर्शन

**एस.एच.ओ ने दी जेल में डालने की धमकी, जमीनी विवाद में सीओ के आश्वासन पर माने**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, लम्भुआ कोतवाली पर किसान नेताओं ने प्रदर्शन किया। जमीनी विवाद में किसान नेता को परेशान किया जा रहा था। इस पर सीओ अब्दुस सलाम के आश्वासन पर नेताओं ने प्रदर्शन समाप्त किया, साथ ही मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला ग्राम सभा भदैया का है, जहां किसान दुखी यादव की जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को विपक्षियों द्वारा बार-बार तोड़े जाने की शिकायत है। अरविंद कुमार ने बताया कि वह अपने संगठन के कार्यकताओं के साथ इसी मामले में कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन देने गए थे।

कोतवाली प्रभारी ने लगाई फटकार आरोप है कि कोतवाली प्रभारी अखिलेश सिंह ने पुलिस बल के साथ बाहर आकर उन्हें और उनके साथियों को फटकार लगा दी। किसान नेता के मुताबिक, एसएचओ ने कहा कि अगर वे वहां से नहीं गए तो उन्हें जेल में बंद कर दिया जाएगा और मुकदमा भी दर्ज कर दिया जाएगा। इसके बाद किसान नेताओं ने सीओ से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी।

## आग से प्रभावित परिवारों को राहत




**सांसद के निर्देश पर तीन परिवारों को मिला फायर राहत किट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मुसाफिरखाना में ग्राम नारा अढनपुर के पूरे लोध मजरे में तीन परिवारों को फायर राहत किट मिला है। यह मदद सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर पहुंची है। कुछ दिन पहले यहां लगी आग में छविलाल यादव, सूरज यादव और अंकित यादव के घरों का सारा सामान जलकर राख हो गया था। ब्लॉक अध्यक्ष मुसाफिरखाना राजू ओझा ने सांसद किशोरी लाल शर्मा के तरफ से इन परिवारों को तत्काल राहत देने के लिए फायर राहत किट का वितरण किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिद्वार सिंह, अजय सिंह, विनोद यादव और जगत प्रकाश भी मौजूद रहे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# बकरियों के पेड़ चरने पर चले लाठी-डंडे

**महिलाओं समेत 8 घायल; पुलिस ने कराया मेडिकल, दोनों पक्षों ने कराया केस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूजी का पुरवा जगदीशपुर गांव में एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सड़क किनारे लगे बबूल के पेड़ को बकरियों द्वारा चरने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जब कुछ महिलाएं बकरियां लेकर खेतों की तरफ जा रही थीं। इस दौरान बकरियों ने सड़क किनारे लगे बबूल के पेड़ को चर लिया। इससे नाराज होकर कल्लू, दिनेश, अखिलेश और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और महिलाओं पर हमला कर दिया। बचाव के लिए आए परिजन महिलाओं की पिटाई देख उनके परिजन बचाव के लिए आए। इस पर दूसरे पक्ष ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस मारपीट में एक पक्ष की रेनू, गीता, सुशीला, अंशिका, कंसराम, सूरज, शिव और अरुण घायल हो गए। घायलों का हो रहा मेडिकल सभी घायलों को पहले अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी। गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट दिख रही है।

# चलती कार बनी आग का गोला

**बोनट से पहले धुआं निकला, फिर आग की लपटों से भर गई कार; पिता-पुत्र सुरक्षित निकले**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, हरदुआगंज थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक डीजल कार आग का गोला बन गई। कार के बोनट से पहले धुंआ निकलना शुरू हुआ और फिर अचानक से आग की लपटों से पूरी कार जल उठी। घटना के समय कार में पिता-पुत्र सवार थे। उन्होंने कार से दूर हटकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और तत्काल आग पर काबू पाया। गाड़ी स्वामी ने बताया कि उनकी कार 5 साल पुरानी है। हरदुआगंज के गांव नगला मई के प्रधान नरेंद्र सिंह के छोटे भाई सत्येंद्र सिंह रामघाट रोड पर पीएसी के पास रहते हैं। उनकी शंकर विहार कालोनी में बैटरी की दुकान है। रविवार को वह अपने छोटे बेटे पिंकुल के साथ गांव अपने पिता से मिलने के लिए गए थे। गांव में पिता से मिलने के बाद सत्येंद्र शहर वापस लौट रहे थे। वापस लौटने के समय वह अपने गांव से रामघाट रोड पर मुड़े थे कि उन्हें बोनट से धुंआ निकलता नजर आया। जिसके बाद सत्येंद्र ने गाड़ी रोकी और बोनट खोलकर चेक करना चाहा। बोनट खोलते ही आग की लपटें उठने लगी और इसमें सत्येंद्र का चेहरा और गर्दन भी हल्की झुलस गई। उनके बेटे ने उन्हें खींचकर पीछे किया और उनकी जान बचाई। हादसे में गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। कार में आग लगने की सूचना भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने फायर ब्रिगेड को दी थी। घटना की जानकारी मिलने पर फायर की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर स्वाहा हो गई थी। सत्येंद्र ने बताया कि उनकी कार 5 साल पुरानी है और डीजल कार है। माना जा रहा है कि कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। हरदुआगंज थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शॉट सर्किट के कारण कार में आग लगी थी। मामले की जांच की जाएगी। अगर कोई तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हादसे में कार में सवार दोनों पिता-पुत्र सुरक्षित हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

**33 साल में बने कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति, कश्मीर में नजरबंद होने के बाद रहस्यमय मौत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, फरह इलाके में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शाम 4 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश शामिल हुए। बताया गया कि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वृक्षारोपण कराया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर की डिग्री हासिल की। मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। मुखर्जी ने 8 अप्रैल 1950 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के साथ दिल्ली समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने गैर-हिंदुओं को सदस्यता देने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखा। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, बंगाल में वे फजलुल हक की कृषक प्रजा पार्टी के साथ गठबंधन में शामिल थे। 1953 में, वे बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकले। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई।

## डायल 1962 पर मिली मदद

**अमेठी के मयास जामों में बीमार गाय का समय पर इलाज, पशु की हालत में सुधार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मयास जामों गांव में एक पशुपालक की बीमार गाय को तत्काल चिकित्सा सहायता मिली। पशुपालक ने डायल 1962 पर सूचना दी। इसके बाद पशुपालन विभाग की टीम विभागीय वाहन वढ 32 एक्ष्ठ 3595 से मौके पर पहुंची। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ने गाय की जांच की। टीम में एम.टी.एस. दिलीप कुमार और पोलिट कर्मचारी रविन्द्र कुमार भी शामिल थे। बुखार से पीड़ित गाय का आवश्यक दवाओं से उपचार किया गया। पशुपालक ने विभाग की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय पर मिली मदद से उनका पशु सुरक्षित है।

# भीम आर्मी और ब्राह्मण समाज आमने-सामने

**सोशल मीडिया पोस्ट पर विवाद, सीओ समेत कई थाने की पुलिस ने संभाला मामला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। करौंदीकला थाने पर भीम आर्मी के 50-60 कार्यकर्ता लाठी-डंडों के साथ पहुंच गए। वे सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में दर्ज केस से नाराज थे। अनिल गौतम और विनोद गौतम के नेतृत्व में आए कार्यकताओं ने सड़क जाम कर दी। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान ब्राह्मण समाज पर भी अभद्र टिप्पणियां की गईं। मामले की जानकारी मिलते ही ब्राह्मण समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता समाजसेवी विपिन तिवारी के नेतृत्व में वहां पहुंच गए। उन्होंने आरोपी अनिल गौतम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थिति को देखते हुए कोतवाली कादीपुर, दोस्तपुर, चांदा और सूरापुर से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। आपत्तिजनक रील से शुरू हुआ था विवाद यह विवाद अनिल गौतम द्वारा सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर शेयर की गई एक आपत्तिजनक रील से शुरू हुआ। रविवार को ब्राह्मण समाज के युवाओं ने सूरापुर चौकी और करौदीकला थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। वही आरोप है कि भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कनरवल की ओर से करौदी आ रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को रोक कर अनावश्यक रूप से गाली-गलौज देते हुए मारने की धमकी दिए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी